# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

रांची, मंगलवार, 26 नवंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष कृष्ण 11- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 80 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

सांध्य दैनिक





4 ▶▶ भारतीय अर्थव्यवस्थाए पर निशाना साध रही है बाइडेन की लीडरशिप

तमन्ना भाटिया ने सिकंदर का मुकद्दर को आम लोगों की रोमांचक कहानी बताया ◀◀ 6







**हेमंत सोरेन को कोर्ट से झटका : ईडी के समन की अवहेलना का मामला**

# व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की याचिका खारिज

मेट्रो रेज

**रांची :** ईडी के समन की अवहेलना के मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रांची की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट से झटका लगा है। अदालत ने ईडी की ओर से इस मामले में दायर मुकदमे में को व्यक्तिगत तौर पर उपस्थिति से छूट देने से इनकार कर दिया है।

हेमंत सोरेन ने 5 जुलाई को अदालत में याचिका दाखिल कर दरख्वास्त की थी कि ईडी की ओर से समन अवहेलना का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ जो शिकायतवाद दायर की है, उसमें सुनवाई के दौरान उन्हें व्यक्तिगत तौर पर उपस्थिति से छूट दी जाए। एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट के न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत ने सोरेन की याचिका पर



सुनवाई और दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद 11 नवंबर को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। अब अदालत ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को इस मामले में व्यक्तिगत रूप से बुलाया है और चार दिसंबर की तारीख निर्धारित की है। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया यह माना है कि हेमंत सोरेन ने ईडी की ओर से भेजे गए समन का उल्लंघन किया।

ईडी की ओर से सीजेएम कोर्ट में 19 फरवरी को शिकायतवाद दर्ज कराया गया था। इसमें एजेंसी ने बताया है कि जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को दस समन भेजे गए थे, लेकिन इनमें से मात्र दो समन पर वह उपस्थित हुए। यह पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की धारा 63 एवं आईपीसी की धारा 174 के तहत गैरकानूनी है। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के बाद 4 मार्च को संज्ञान लिया था। बाद में यह मामला एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया था। बता दें कि रांची के बड़गाईं अंचल से संबंधित जमीन घोटाले को लेकर ईडी ने हेमंत सोरेन को पहली बार 14 अगस्त 2023 को हाजिर होने के लिए समन भेजा गया था। इसके बाद इसी वर्ष उन्हें 19 अगस्त, 1 सितंबर, 17 सितंबर, 26 सितंबर, 11 दिसंबर, 29 दिसंबर को और 2024 में 13 जनवरी, 22 जनवरी और 27 जनवरी को समन भेजे गए थे। दसवें समन पर उनसे 31 जनवरी को पूछताछ हुई थी और इसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

## एस्सार ग्रुप के को-फाउंडर शशि रुइया का निधन, पीएम ने जताया शोक



**नई दिल्ली :** एस्सार समूह के सह-संस्थापक शशिकांत रुइया का निधन हो गया। 81 वर्षीय शशिकांत रुइया ने मुंबई में अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से बीमार थे और अमेरिका में उनका इलाज चल रहा था। वह करीब एक महीने पहले ही भारत लौटे थे। शशिकांत रुइया का पार्थिव शरीर आज मंगलवार को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक रुइया हाउस में रखा जायेगा। इसके बाद शाम 4 बजे अंतिम संस्कार जुलूस रुइया हाउस से मुंबई के हिंदू वर्ली श्मशान घाट की ओर निकलेगा. शशिकांत रुइया के भाई रवि रुइया ने इस बात की जानकारी दी।

# लाल सागर में बड़ा हादसा यात्रियों से भरी नाव डूबी

एजेंसी

**काहिराः** मिस्त्र के लाल सागर में बड़ा हादसा पेश आया है। यहां एक नाव डूबने के बाद से चार स्थानीय निवासी और 12 विदेशी नागरिक लापता हैं। प्रांत के गवर्नर अमर हनफी ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच ह्यफेसबुकह्ल पर कहा कि कुल 28 लोगों को बचा लिया गया है और लापता लोगों की तलाशी की जा रही है। लाल सागर में दक्षिण-पूर्वी मिस्त्र के तटीय शहर मार्सा आलम के उत्तरी तट पर एक सफारी नाव डूब गई थी। उन्होंने बताया कि नाव में 44 यात्री सवार थे, जिनमें 13 मिस्त्र के नागरिक और जर्मनी, ब्रिटेन, अमरीका, पोलैंड, बेल्जियम, स्विट्जरलैंड, फिनलैंड, चीन, स्लोवाकिया, स्पेन और आयरलैंड के 31 नागरिक थे। इससे पहले, मिस्त्र में चीन के दूतावास ने एक बयान में कहा है कि घटनास्थल के पास से गुजरने वाले जहाजों ने दो चीनी पर्यटकों को बचा लिया है। दूतावास ने



दोनों पर्यटकों से संपर्क किया है। दोनों स्वस्थ हैं।

गवर्नर ने बताया कि नाव का आखिरी समुद्री सुरक्षा निरीक्षण मार्च में हुआ था और उसे एक साल की वैधता प्रमाणपत्र जारी किया गया था। उन्होंने कहा कि नाव में तकनीकी गड़बड़ी को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की। उन्होंने कहा कि शुरूआती जांच के अनुसार एक बड़ी समुद्री लहर नाव से टकरायी और नाव पलट गयी। मिस्त्र के अधिकारियों ने बताया कि सी स्टोरी नाम की नाव रविवार को मार्सा आलम में पोर्ट गालिब से रवाना हुई थी और शुक्रवार को हर्गहाडा मरीना पहुंचने वाली थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, नाव मास-र् आलम के उत्तर में एक प्रवाल भित्ति के पास डूब गई। गौरतलब है कि प्रांत के नियंत्रण केंद्र को स्थानीय समयानुसार तड़के सुबह लगभग 05:30 बजे चालक दल के सदस्य ने इस घटना की सूचना मिली।

# प्रधानमंत्री के दौरे से पहले चंडीगढ़ में ब्लास्ट, क्लब के बाहर हुए दो जोरदार धमाके

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ के सेक्टर-26 स्थित क्लब के पास मंगलवार सुबह दो जोरदार धमाके हुए, जिससे पूरा इलाका दहशत में आ गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस सहित अन्य जांच टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सेक्टर-26 स्थित डेयोरा क्लब के बाहर बाइक पर आए दो युवक विस्फोट कर मौके से फरार हो गए हैं। धमाके से क्लब के सभी शीशे चटक गए। यह बम है या अन्य कोई विस्फोटक पदार्थ था, इस बारे में अभी कुछ स्पष्ट नहीं है। पुलिस सहित फोरेंसिक एक्सपर्ट व अन्य जांच एजेंसियां भी मौके पर पहुंच गई हैं और जांच शुरू कर





दी है। पुलिस ने इस पूरे इलाके को चारों ओर से घेर लिया है। जिक्र योग है कि अगले महीने 3 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चंडीगढ़ आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के दौरे से पहले हुए इन धमाकों ने सुरक्षा एजेंसीयों की चिंता बढ़ा दी है। घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग की जांच कजा रही है।

# घर में रखे पटाखों में विस्फोट से तीन मकान ढहे, चार महिलाओं की मौत, पांच घायल

एजेंसी

**मुरैना :** मध्य प्रदेश के मुरैना में हुए विस्फोट की वजह से तीन मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गए। हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई जबकि 5 लोग घायल हो गए। सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात करीब 12 से 1 बजे के बीच जोरदार विस्फोट हुआ। इसके साथ ही पूरा घर मलबे में तब्दील हो गया। जिसमें चार महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 5 लोग घायल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। विस्फोट की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन और बचाव टीमें मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में जुटी हुई






है। आशंका जताई जा रही है कि घर में रखे पटाखों में विस्फोट की वजह से हादसा हुआ हालांकि इसे लेकर पुलिस ने कुछ स्पष्ट नहीं कहा है। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने बताया कि आज रात करीब 12:00 बजे मुरैना के राठौड़ कॉलोनी में एक विस्फोट हुआ। विस्फोट से कुल तीन घर प्रभावित हुए हैं और चार से पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं चार महिलाओं की मौत हो गई। इस मामले में जांच जारी है, तथ्य सामने आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पुलिस प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है और प्रभावित क्षेत्रों में जांच के बाद विस्फोट के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के नेतृत्व में एक जांच दल गठित किया गया है। इसके साथ ही प्रभावित परिवारों को उचित सहायता देने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कदम उठाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिस मकान में ब्लास्ट हुआ है, वह राकेश राठौर नाम के व्यक्ति का घर है। घटना के वक्त उनकी पत्नी विद्या राठौर (उम्र 55 वर्ष) मकान में अंदर फंसी रह गई। जिससे उसकी मौत हो गई है। साथ ही पूजा राठौर (उम्र 23 वर्ष) की भी इस घटना में मृत्यु हो गई। ब्लास्ट के चलते पास के ही रहने वाले आकाश राठौर के दो मकान भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। आकाश राठौर ने बताया जैसे ही विस्फोट हुआ चारों तरफ धुआं छा गया और उसका मलबा काफी दूर तक उछलकर गिरा। हालांकि पूरी घटनाक्रम के बाद मुरैना पुलिस टीम जांच पड़ताल में जुटी हुई है। हादसा कोतवाली थाना क्षेत्र के तहत आने वाले टंच रोड के राठौर कॉलोनी में हुआ। एक महीने पहले भी कोतवाली क्षेत्र के इस्लाम पुरा में ऐसा ही धमाका हुआ था। तब 20 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मां बेटी के शव निकाले गए थे।

# संविधान दिवस समारोह : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संस्कृत और मैथिली में संविधान के संस्करण का किया विमोचन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत के संविधान को अंगीकार किए जाने का यह 75वां वर्ष है। मंगलवार को संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे हुए हैं। इस अवसर पर संविधान दिवस का एक विशेष कार्यक्रम संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के सेंट्रल हॉल में आयोजित किया गया। यहां राष्ट्रपति ने संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर 75 रुपये का एक विशेष सिक्का जारी किया। इस दौरान एक डाक टिकट भी जारी किया गया। यह डाक टिकट संविधान की उन मूल भावनाओं का प्रतीक है जो भारत को एकजुट करती है और हमें आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती है। राष्ट्रपति ने



मंगलवार 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे देश का सबसे पवित्र ग्रंथ है। आज हम सब इस ऐतिहासिक अवसर के भागीदार बने हैं और साक्षी भी बने हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि 75 वर्ष पहले संविधान सदन के इसी केंद्रीय कक्ष में आज ही के दिन संविधान सभा ने नव स्वाधीन देश के लिए संविधान निर्माण का बहुत बड़ा कार्य संपन्न किया था। राष्ट्रपति ने कहा कि उस दिन संविधान सभा के माध्यम से हम भारत के लोगों ने अपने इस संविधान को अपनाया था। हमारा संविधान हमारे व्यक्तिगत और सामूहिक स्वाभिमान को सुनिश्चित करता है।

संविधान सदन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इसके साथ ही मंगलवार को ही यहां राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के संस्कृत और मैथिली संस्करण का संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में विमोचन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रपति के साथ उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय संसदीय मंत्री किरण रिजिजू, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राज्यसभा के नेता सदन जेपी नड्डा, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश मौजूद रहे। संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में राज्यसभा एवं लोकसभा के संसद सदस्य, दिल्ली स्थित मिशनों के प्रमुख और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित रहे। भारत के उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति ने भी दोनों सदनों राज्यसभा एवं लोकसभा के सदस्यों को संबोधित किया। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वागत भाषण दिया। भारत के संविधान को अंगीकृत किए जाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक स्मारक सिक्के और डाक टिकट का विमोचन किया। इसके साथ ही राष्ट्रपति ने भारत के संविधान का निमार्णः एक झलक नामक पुस्तक का विमोचन किया। भारत के संविधान का निर्माण और इसकी गौरवशाली यात्रा शीर्षक से प्रकाशित एक और महत्वपूर्ण पुस्तक का विमोचन भी इस दौरान किया गया। यहां भारत के संविधान की कला व इसमें मौजूद चित्रों को समर्पित पुस्तिका का विमोचन भी किया। संस्कृत में भारत के संविधान का विमोचन व मैथिली में भारत के संविधान का विमोचन भी इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में से एक रहा। इस अवसर पर, भारतीय संविधान की महिमा, इसके निर्माण और ऐतिहासिक यात्रा को दशार्ते हुए एक लघु फिल्म भी दिखाई गई।

वहीं इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि इन 5 वर्षों में हमारी हमारी संसद के माध्यम से आम जनता के जीवन में सामाजिक आर्थिक परिवर्तन लाए गए हैं। संवैधानिक मूल्यों के प्रति हमारे घनिष्ठ प्रतिबद्धता है। गौरतलब है कि सोमवार 25 नवंबर से संसद का शीतकालीन सत्र प्रारंभ हुआ है। राज्यसभा सचिवालय के मुताबिक यह सत्र अगले माह 20 दिसंबर तक चलेगा। सत्र के दूसरे दिन यानी 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने के लिए दोनों सत्रों की संयुक्त बैठक बुलाई गई थी।

न्यूज ब्रीफ

## कांग्रेस का संविधान रक्षक अभियान आज से 26 जनवरी तक



**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी जिला अध्यक्षों को 60 दिवसीय संविधान रक्षक अभियान पांच विषयों को लक्षित कर चलाने का निर्देश दिया है। यह निर्णय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर लिया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि संविधान और समानता की लड़ाई, संविधान द्वारा गारंटीकृत आरक्षण की सुरक्षा, भेदभाव का उन्मूलन, गरीबों के संविधान विरुद्ध पूंजीवादी सरकार के पक्षपात को उजागर करना, संविधान द्वारा गारंटीकृत लोकतंत्र और स्वतंत्रता पर भाजपा के हमलो को लेकर यह अभियान चलाया जायेगा। 26 नवंबर से 26 जनवरी 2025 तक इस अभियान को चलाया जायेगा।

पूरे अभियान के दौरान एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, महिला, युवा, किसान समुदायों की स्थिति को खराब करने और इन्हें लक्ष्य करने वाली विभाजनकारी नीतियों को उजागर किया जायेगा। इसके साथ ही अभियान के द्वारा भाजपा द्वारा भेदभाव को प्रदर्शित करने वाले आंकड़े, पूंजीपतियों के प्रति पक्षपातपूर्ण नीतियों, केंद्र सरकार के शासनकाल में उत्पन्न आर्थिक असमानता, सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग से भी जनता को अवगत कराया जायेगा। जातिगत जनगणना की वकालत और आरक्षण प्रणाली पर भाजपा के भेदभावपूर्ण विचारधारा को जनता के सामने लाना इस अभियान का अहम हिस्सा होगा। सोनाल के अनुसार संविधान रक्षक अभियान के तहत रैलियां, जनसंपर्क, जमीनी स्तर पर जनसंवाद कर सभी मुद्दों को जनता के सामने लाया जाएयेगा। अभियान के पहल पर संविधान प्रदत्त अधिकारों, स्वतंत्रता व समानता की रक्षा को प्रतिबद्धता का प्रमाण बनाया जायेगा।

## गांधीनगर अस्पताल, सीसीएल में हृदय रोग संबंधी निःशुल्क चिकित्सीय शिविर 28 को

रांचीः सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में 28 नवंबर को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में यशोदा अस्पताल, हैदराबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ। कश्यप व्यास (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जाँच करेंगे एवं चिकित्सीय सलाह देंगे।

हृदय रोग से ग्रसित सभी मरीज इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने ईलाज की रिर्पोट/जाँच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाये।

सीएमडी, सीसीएल, निलेन्दु कुमार सिंह के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल द्वारा नियमित तौर पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर का उद्देश्य है कि जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के अत्याधुनिक ईलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो सके तथा इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

## मंत्री हफीजूल हसन का जैनामोड़ चौक पर भव्य स्वागत



**कसमार:** बाबा तिलका मांझी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मंत्री हफीजूल हसन रांची के लिए रवाना हुए । मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह झारखंड सरकार के खेल ,युवा, संस्कृति मंत्री रांची जाने के क्रम में महागठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ मिलते हुए कहा झारखंड में मजहब की कोई लड़ाई नहीं है । विकास की मुद्दे की बात की जाती है । मुख्य मंत्री वादा को हमेशा पुरा करेंगे । स्वागत के अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य रूप से आजाद अंसारी,अकबर अंसारी,खलील अंसारी,आशिक अंसारी,तबरेज आलम, मुख्तार अंसारी जरीडीह प्रखंड झामुमो अध्यक्ष पंकज मरांडी , मोहन मूर्मू, अम्बिका देवी,मीना देवी सहित सैंकड़ों ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## डीवीसी मैथन में अखिल घाटी कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

धनबादः परियोजना के कर्मचारी संघ मैदान में तीन दिवसीय दूसरी अखिल घाटी कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि एमपीएल के एचआर हेड सुप्रतीक मुखर्जी ने केंद्रीय स्पोर्ट्स काउंसिल का ध्वज फहराकर व दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कार्यस्थल पर इस तरह की खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन से खिलाड़ियों में अनुशासन की भावना पनपती है। खुद को तंदुरुस्त रखने के लिए भी यह जरूरी है। सभी प्रतिभागी हार-जीत को ध्यान में नहीं रख खेल का आनंद लें। सेंट्रल स्पोर्ट्स काउंसिल के उपाध्यक्ष वरिष्ठ महाप्रबंधक संजीव श्रीवास्तव ने सभी खिलाड़ियों और पदाधिकारियों का स्वागत किया। कहा कि वार्षिक कैलेंडर के अनुसार विभिन्न परियोजनाओं में खेल प्रतियोगिता का आयोजन होते रहता है। प्रतियोगिता में मैथन, पंचेत, बीटीपीएस, सीटीपीएस, डीएसटीपीएस व डीटीपीएस की टीमें भाग ले रही हैं।

मुख्य अतिथि व संस्थान के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर महाप्रबंधक शैलेश गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद, डॉ यू कुमार, उप महाप्रबंधक (प्रशासन) अनूप पुरकायस्थ, डॉ संघमित्रा नंदी, वरिष्ठ प्रबंधक बीसी कुजूर, दीपनारायण पटेल, लोमश कुमार, संजय चौधरी, प्रबंधक पार्थसारथी मुखर्जी, उज्जवल बनर्जी, तापस राय सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## झारखंड सरकार के मत्स्य विभाग का स्टॉल देखने गये संजय सेठ

रांचीः केंद्र सरकार के रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ रविवार को दिल्ली में चल रहे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड सरकार के मत्स्य विभाग के स्टॉल पर गये। यहां उन्होंने राज्य में चल रहे मत्स्य गतिविधियों की जानकारी ली। विभाग के स्टॉल पर भूमि अधिग्रहण व भू-अभिलेख निदेशालय, झारखंड के निदेशक भोर सिंह यादव ने भी मत्स्य विभाग के पवेलियन में जाकर गतिविधियों की जानकारी ली। झारखंड में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत चलायी जा रही योजनाओं से भी रूबरू हुए। श्री यादव ने विशेष रूप से झारखंड मत्स्य निदेशालय द्वारा केज कल्चर से मछली पालन और जलाशयों में मोती उत्पादन की दिशा में विभागीय पहल की सराहना की।

# हेमंत कैबिनेट में होंगे पांच नये चेहरे, पहली कैबिनेट में अहम फैसलों की तैयारी

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** झारखंड में चौथी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने जा रहे हेमंत सोरेन के मंत्रिमंडल में कम से कम पांच नये चेहरे होंगे। खबर है कि नये मंत्रिमंडल के गठन को लेकर सोमवार को सीएम आवास में सोरेन ने अपने विश्वस्त लोगों के साथ विमर्श किया है। इसके पहले गठबंधन के अन्य दलों के नेताओं के साथ बैठक में भी इस पर चर्चा हुई थी।

गठबंधन में शामिल कांग्रेस और राजद कोटे वाले मंत्रियों का नाम इन दलों के आलाकमान तय करेंगे। गठबंधन की एक अन्य साझीदार सीपीआई (एमएल) ने अब तक मंत्रिमंडल में भागीदारी पर निर्णय नहीं लिया है। अगर ऐसा होता है तो राज्य में पहली बार सरकार में सीधे तौर पर किसी वाम पार्टी की भागीदारी होगी। झारखंड के मंत्रिमंडल में सीएम सहित अधिकतम 12 मंत्री हो सकते हैं। गठबंधन में झामुमो के 34, कांग्रेस के 14, राजद के 4 और सीपीआई (एमएल) के 2 विधायक हैं।



सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिमंडल में झारखंड मुक्ति मोर्चा से छह, कांग्रेस से तीन या चार, राजद से एक या दो और सीपीआई (एमएल) से एक विधायक को शामिल किया जा सकता है। झामुमो कोटे से इस बार नए मंत्रियों के रूप में जामा सीट से जीत दर्ज करने वाली लुईस मरांडी, महेशपुर के विधायक स्टीफन मरांडी, टुंडी के विधायक मथुरा महतो और भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव के नाम की चर्चा है।

चाईबासा के विधायक दीपक बिरुआ और घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन को मंत्री के रूप में रिपीट किया जाना तय माना जा रहा है। कांग्रेस कोटे के मंत्रियों में लोहरदगा के विधायक रामेश्वर उरांव, पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव, महागामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह और बेरमो के विधायक अनूप सिंह के नाम की चर्चा है।

राजद कोटे से देवघर के विधायक सुरेश पासवान का मंत्री बनना तय माना जा रहा है। अगर 28 नवंबर तक मंत्रिमंडल के सभी नामों पर सहमति नहीं बनी तो हेमंत सोरेन के साथ दो या तीन मंत्री शपथ ले सकते हैं। शपथ ग्रहण के बाद कैबिनेट की पहली बैठक की भी तैयारी चल रही है, जिसमें कई अहम फैसले लिए जा सकते हैं।

## कुमार जय मंगल सिंह की जीत पर कार्यकर्ताओं ने निकाला विजय जुलूस



मेट्रो रेज संवाददाता

**कसमार:** जरीडीह प्रखंड कांग्रेस कमिटी,झामुमो, राजद, माले सर्मथित पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने जैनामोड़ स्थित तिलका मांझी चौक पर विजय जुलूस निकाला । विजय जुलूस का नेतृत्व जरीडीह प्रखंड झामुमो अध्यक्ष पंकज मरांडी , महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अम्बिका देवी ,जरीडीह प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल, विधायक निजी सचिव बिनोद कुमार महतो, विधायक निजी सचिव राजेश कुमार सिंह, पंकज जयसवाल, झामुमो जिला उपाध्यक्ष सह जिला 20 सूत्री सदस्य मोहन मूर्मू , प्रखंड झामुमो सचिव अमित सोरेन ने किया । झामुमो प्रखंड अध्यक्ष पंकज मरांडी ने कहा कि बेरमो विधानसभा क्षेत्र से लगातार दुसरी बार कुमार जय मंगल सिंह को भारी मतों से जीत हुई है । इस जीत के लिए सभी मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया । श्री मरांडी ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में कुमार जयमंगल सिंह सभी अधूरा कार्यों को पूरा करने का काम करेंगे । इनके कार्यकाल में बहुत अच्छा विकास का काम हुआ है । इनके द्वारा किये गये काम के आधार पर प्रचंड बहुमत हासिल किया गया है । श्री सिंह के जीत पर बाबा तिलका मांझी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भव्य विजय जुलूस जैनामोड़ स्थित बाबा तिलका मांझी चौक से प्रारंभ होकर क्षेत्र के टांड़ मोहनपुर , बांधडीह ट्रेकर स्टैंड से होते हुए फोर लेन चौक तक गाजे बाजे के साथ भ्रमण किया गया । विजय जुलूस में मुख्य रूप से आयुष माथुर, सागर हांसदा , तुलसी मरांड, शंकर सोरेन ,रंजीत सोरेन ,पानेश्वर मरांडी, महिला मोर्चा जरीडीह प्रखंड कोषाध्यक्ष शोभा कुमारी सोरेन,मीना देवी , देवनारायण भगत, कांग्रेस युवा मोर्चा नेता दीपक तिवारी ,अकबर अंसारी, आजाद अंसारी , सोमर मुंडा,अजय किस्कू खील अंसारी , बलराम तिवारी,नंदलाल सोरेन व अन्य शामिल थे ।

## लोयला मैदान में क्रिसमस मेला आगमन उत्सव 18 दिसंबर से



### रांची पल्ली खेल समिति के तत्वावधान में 18 से 22 दिसंबर तक लोयला मैदान में क्रिसमस मेला का आयोजन किया जायेगा

**रांचीः** रांची पल्ली खेल समिति के तत्वावधान में 18 से 22 दिसंबर तक लोयला मैदान में क्रिसमस मेला का आयोजन किया जायेगा। इसे लेकर फादर आनंद डेविड समिति के अध्यक्ष अजय जोसेफ टोप्पो, सचिव कुलवंत टोप्पो, संगठन सचिव सुनील लकड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों ने संत जोसेफ क्लब में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि मेला को आगमन उत्सव नाम दिया गया है। मेले में लगभग 100 स्टॉल लगाये जायेंगे। लघु एवं मध्यम श्रेणी के कारोबारी भी स्टॉल लगायेंगे। इन स्टॉल पर खाने-पीने, आर्ट एवं क्राफ्ट, क्रिसमस उत्सव से संबंधित चीजें उपलब्ध होंगी। बच्चों के लिए किड्स फन जोन भी होगा। रांची के कई प्रसिद्ध बैंड कार्यक्रम पेश करेंगे।

सुरक्षा एवं पार्किंग की होगी व्यवस्थाः आयोजकों ने बताया कि मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। सुरक्षाकर्मी व वॉलिंटियर भी तैनात होंगे। अग्निशमन यंत्रों की भी व्यवस्था रहेगी। पार्किंग की भी व्यवस्था रहेगी। स्टॉलधारकों के लिए संत जोसेफ क्लब परिसर और मेला भ्रमण करनेवाले लोगों के दोपहिया व चारपहिया वाहनों के लिए संत अलोइस स्कूल परिसर में पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। प्रेस वार्ता में सहायक पल्ली पुरोहित फादर दीपक बाड़ा, जूलियन केरकेट्टा, मधु कच्छप, फ्रांसिस्का खलखो, अणिमा एक्का, जोन लकड़ा आदि शामिल हुए।

जेसीवाइए का क्रिसमस कार्निवल 14 दिसंबर कोः नया टोली स्थित मेरी अमृत बाग में झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन (जेसीवाइए) की केंद्रीय कमेटी, जिला कमेटी व महानगर कमेटी की संयुक्त बैठक हुई। नये सदस्यों का स्वागत किया गया। निर्णय लिया गया कि जेसीवाइए के तत्वावधान में 14 दिसंबर को क्रिसमस कार्निवल का आयोजन होगा। बैठक में कुलदीप तिर्की, अलबीन लकड़ा, महिमा गोल्डन, संदीप उरांव, अभिषेक बाड़ा, अंबर बेक, आकाश मिंज, दीपक लकड़ा, प्रेम तिर्की, हर्षित तिर्की, आकाश बाडा, हितेश पन्ना, विपिन कुजूर, प्रश्नन, सोनू आदि उपस्थित थे।

## नवनिर्वाचित विधायक सुरेश बैठा का कोकर जतरा में स्वागत

मेट्रो रेज संवाददाता

**सोमवार:** सोमवार को रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमेन राजू राम के नेतृत्व में नवनिर्वाचित कांके विधायक सुरेश बैठा का कोकर जतरा एचबी रोड़ में माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपचैयरमैन सूरज कुमार पासवान, अमित कुमार चौरसिया, राकेश कुमार सिंह, प्रीति संगा, संतोष महतो, अर्जून यादव, सुनिल टोप्पो, इंद्राणी तिर्की, कृष्ण कुमार सोनी, राजन पासवान, प्रकाश राम, शिवाजी राम, दीपिका हेंब्रम, सुनीता देवी, पूजा हेंब्रम, स्मृति तिर्की, लक्ष्मण पंडित, महेश यादव आदि कांग्रेसी लोग उपस्थित थे।



# रांची महिला संगठनों ने मनाया महिला हिंसा प्रतिरोध दिवस

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** आदिवासी वीमेंस नेटवर्क (एडब्ल्यूएन), नारी शक्ति, जोहार एवं अन्य महिला संगठनों ने सोमवार को महिला हिंसा प्रतिरोध दिवस मनाया। कार्यक्रम दो सत्र में हुआ। पहले सत्र में कंट्री रिपोर्ट पर चर्चा और समीक्षा एक्सआइएस में हुआ। दूसरे सत्र में अलबर्ट एक्का चौक पर 16 दिवसीय लैंगिक हिंसा प्रतिरोध पखवाड़ा शुरू हुआ, जो 10 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान लैंगिक मुद्दों पर कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस कार्यक्रम में श्रावणी ने कहा कि महिलाओं की स्वशासन व्यवस्था और निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी बढ़े, उसके लिए जरूरी है कि समुदाय में जागरूकता का प्रसार हो। एलिना होरो ने कहा कि राज्य में महिला हिंसा पर रोकथाम अभियान एक अवसर है। हम महिला हिंसा के खिलाफ सरकार तक अपनी आवाज पहुंचा सकते हैं। झारखंड महिला आयोग को सक्रिय करने और महिला नीति जरूरी है ताकि महिलाओं के साथ भेदभाव और अन्याय न हो। सुनीता मुंडा ने कहा कि हिंसा के खिलाफ महिलाओं को अपनी चुप्पी तोड़नी होगी। सुषमा बिरुली ने कहा





कि गांवों में बाल विवाह की वजह से किशोरियों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इसे रोकने के लिए पखवाड़े में जागरूकता कार्यक्रम किये जाने की जरूरत है। रोज खाखा ने कहा कि बच्चे परिवार से ही पहली नैतिक शिक्षा लेते हैं और अच्छी-गलत बातों को समझते हैं। समाज को हिंसा मुक्त बनाने की दिशा में परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर रिया पिंगुआ, ज्योति कुजूर, रेजिना, बेला जराई, मारग्रेट मिंज, इवा बिनीत, सीरत, बिलकन डांग, प्रियांश सहित अन्य लोगों ने अपनी बातें रखी। रांची। आदिवासी वीमेंस नेटवर्क (एडब्ल्यूएन), नारी शक्ति, जोहार एवं अन्य महिला संगठनों ने सोमवार को महिला हिंसा प्रतिरोध दिवस मनाया। कार्यक्रम दो सत्र में हुआ। पहले सत्र में कंट्री रिपोर्ट पर चर्चा और समीक्षा एक्सआइएस में हुआ। दूसरे सत्र में अलबर्ट एक्का चौक पर 16 दिवसीय लैंगिक हिंसा प्रतिरोध पखवाड़ा शुरू हुआ, जो 10 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान लैंगिक मुद्दों पर कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस कार्यक्रम में श्रावणी ने कहा कि महिलाओं की स्वशासन व्यवस्था और निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी बढ़े, उसके लिए जरूरी है कि समुदाय में जागरूकता का प्रसार हो। एलिना होरो ने कहा कि राज्य में महिला हिंसा पर रोकथाम अभियान एक अवसर है। हम महिला हिंसा के खिलाफ सरकार तक अपनी आवाज पहुंचा सकते हैं। झारखंड महिला आयोग को सक्रिय करने और महिला नीति जरूरी है ताकि महिलाओं के साथ भेदभाव और अन्याय न हो। सुनीता मुंडा ने कहा कि हिंसा के खिलाफ महिलाओं को अपनी चुप्पी तोड़नी होगी। सुषमा बिरुली ने कहा कि गांवों में बाल विवाह की वजह से किशोरियों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इसे रोकने के लिए पखवाड़े में जागरूकता कार्यक्रम किये जाने की जरूरत है। रोज खाखा ने कहा कि बच्चे परिवार से ही पहली नैतिक शिक्षा लेते हैं और अच्छी-गलत बातों को समझते हैं। समाज को हिंसा मुक्त बनाने की दिशा में परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर रिया पिंगुआ, ज्योति कुजूर, रेजिना, बेला जराई, मारग्रेट मिंज, इवा बिनीत, सीरत, बिलकन डांग, प्रियांश सहित अन्य लोगों ने अपनी बातें रखी।

## झारखंड विस चुनाव परिणाम

# बाबूलाल ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए की इस्तीफे की पेशकश

संवाददाता

**रांची:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने पद से इस्तीफे की पेशकश की है। विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली बड़ी हार के लिए नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए बाबूलाल मरांडी ने अपना पद छोड़ने का संदेश केंद्रीय नेतृत्व को दिया है। बता दें कि चुनाव में भाजपा महज 21 सीटें ही जीत पाई।

एनडीए गठबंधन को कुल 24 सीटें मिली हैं। इससे पहले 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 25 सीटें जीती थी। सोमवार को ही इंटरनेट मीडिया एक्स पर बाबूलाल मरांडी ने पोस्ट कर बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को आदिवासी समाज की सभ्यता,



संस्कृति और अधिकार पर हमला बताया है।

उन्होंने लिखा है कि इस तरह के हमले को चुपचाप नहीं देख सकता हूं। चुनाव परिणाम चाहे जो भी हो, मैं अपना संपूर्ण समय और ऊर्जा अपने लोगों को जागरूक करने और उन्हें सशक्त बनाने में लगाऊंगा, ताकि कोई भी हमारी जल, जंगल जमीन की तरफ आंख उठाकर न देख सके।

**हेमंत सरकार गिराने का प्रयास भाजपा को पड़ा भारी:** सरयू राय

उधर, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री और जमशेदपुर पश्चिम से जनता दल (यूनाइटेड) के नवनिर्वाचित विधायक सरयू राय ने कहा है कि भाजपा को हेमंत सोरेन की सरकार गिराने का प्रयास नहीं करना चाहिए था। यह विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार की एक बड़ी वजह बनी, क्योंकि लोगों के बीच इससे गलत संदेश गया।

भाजपा ने चरणबद्ध तरीके से कई गलतियां की। राय के मुताबिक सबसे पहले जब माइंस आवंटन के लिए मई,2022 में हेमंत सोरेन के विरुद्ध कार्रवाई हुई तो उन्होंने कहा था कि इससे हेमंत सोरेन को नुकसान नहीं होगा। सीएम के खिलाफ इतनी छोटी बात नहीं उठानी चाहिए। लेकिन भाजपा के लोगों ने इसे तवज्जो दिया। इसका बाद पत्थर घोटाले के आरोप आए तो फिर कहा कि ये आरोप पिछली सरकार तक जाएगे। जब सरकार गिराने की बात हुई तो भाजपा के नेताओं से कहा कि यह बेकार कर रहे हैं।

**मुझे अछूत मान लिया गया:**

सरयू राय ने कहा कि इससे मुझे अछूत मान लिया गया। जबकि मैंने कहा था कि इसका उल्टा असर पड़ेगा। लोगों में धारणा बन गई कि भाजपा किसी प्रकार हेमंत सोरेन की सरकार गिराना चाहती है। सरयू राय ने कहा कि उन्हें इसका अनुमान था कि हेमंत सोरेन सरकार बना सकते हैं। लेकिन इतना बहुमत आएगा और बीजेपी को इतना अधिक नुकसान होगा, इसका आकलन नहीं किया था।

उन्होंने हेमंत सोरेन को परिपक्व नेता बताते हुए कहा कि जनता की नब्ज पर उन्होंने पकड़ बनाई। बहुत आक्रामक और परिपक्वता के साथ उन्होंने अपना चुनावी अभियान चलाया। हेमंत सोरेन ने जेल से आने के बाद फूंक-फूंककर कदम रखा। मंइयां सम्मान योजना का काफी प्रभाव पड़ा।

उन्होंने खुद अपने विधानसभा क्षेत्र में 40 हजार फार्म बंटवाए। यह महिला सशक्तीकरण की योजना थी। हर स्तर पर ऐसे कई काम हेमंत सरकार के दौरान हुए। भाजपा को एक स्वतंत्र एजेंसी के जरिए हार का आकलन करना चाहिए।

## जल कर संग्रहण में तेजी लाने का निर्देश : उप प्रशासक



**रांची:** रांची नगर निगम कार्यालय में सोमवार को नगर निगम के उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में जल कर के संग्रहण कार्यों में तेजी लाने के लिये बैठक की गई। इस अवसर पर चयनित एजेंसी श्री पब्लिकेशन एवं स्टेशनर्स प्रा.लि.तथा जलापूर्ति शाखा के कर्मी शामिल हुए। उप प्रशासक ने निर्देश दिया कि डोर टू डोर सभी घरों में कर लेने के साथ उपभोगताओं को शत प्रतिशत विपत्र देना सुनिश्चित करें, राजस्व वसूली के कार्य में तेजी लाये व अपने लक्ष्य को पूरा करें। जिन उपभोगताओं का जल मीटर खराब है, उसे बदलें व औसतन बिल दें। कहा कि अवैध रूप से पानी का कनेक्शन लेने वालों को चिन्हित करते हुए उनके जल संयोजन को रेगुलराइज कर नियमानुसार कार्रवाई करें। विपत्र से जुड़े त्रुटियों के जल्द समाधान के लिये टीम गठन कर कार्रवाई करें।

## मैट्रिक और इंटर की परीक्षा फरवरी में, जैक ने शुरू की तैयारी

**रांची :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) मैट्रिक और इंटर की परीक्षा फरवरी में होगी। काउंसिल ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इसी सप्ताह से आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। दिसंबर तक आवेदन भरने की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। जानकारी के अनुसार, आठवीं, नौवीं और 11 वीं की परीक्षा के लिए भी ऑनलाइन आवेदन भरे जायेंगे। वहीं नये शैक्षणिक सत्र अप्रैल 2025 से शुरू किये जाने की संभावना है।




## 8वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के लिए आज से ऑनलाइन आवेदन शुरू

**रांची:** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने कहा है कि कक्षा आठ बोर्ड परीक्षा का फार्म ऑनलाइन भरा जायेगा। 26 नवंबर से सात दिसंबर तक डीइओ द्वारा ऑनलाइन माध्यम से विद्यालय का अनुमोदन किया जायेगा। वहीं 26 नवंबर से 20 दिसंबर तक ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा किया जा सकेगा। विद्यालय प्रधान यूजर आइडी व पासवर्ड का उपयोग कर आवेदन प्रपत्र भरेंगे। जैक सचिव ने कहा कि काउंसिल की वेबसाइट पर आवेदन प्रपत्र भरने संबंधी निर्देश उपलब्ध है। इसका अवलोकन कर परीक्षा आवेदन प्रपत्र समय पर भरना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीइओ ) द्वारा अनुमोदित विद्यालयों के छात्र-छात्राएं ही कक्षा आठ की बोर्ड परीक्षा-2025 में शामिल होने के योग्य माने जायेंगे।

## शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

# ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर हुआ मंथन

**रांची:** स्वास्थ्य विभाग रांची के तत्वावधान में शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में आयोजित की गयी। इस मीटिंग का उद्देश्य शहरी क्षेत्र में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा एवं आगामी माह की योजना के ऊपर विस्तार से चर्चा करना था। बैठक में परिवार नियोजन सेवाओं की समीक्षा, एनसीडी रिपोर्टिंग, एचएमआईएस पोर्टल पर सटीक डेटा प्रविष्टि और गुणवत्ता मूल्यांकन पर प्रमुख रूप से चर्चा की गई। इस बैठक का उद्देश्य शहरी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और उन्हें और अधिक प्रभावी बनाना था।

बैठक की अध्यक्षता डॉ असीम माझी जिला प्रजनन और बाल स्वास्थ्य अधिकारी



(डीआरसीएचओ) रांची ने किया। डॉ माझी ने सभी केंद्र के पीएचएम को सहिया-एएनएम मासिक बैठक को माहवार करना सुनिश्चित करें साथ ही इस बैठक में सभी सहिया, एएनएम का भाग लेना अनिवार्य है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को क्यूआईसी कमेटी सह डाटा कमेटी की बैठक में मासिक डाटा की समीक्षा करने के उपरांत ही पोर्टल पर डाटा एंट्री करना सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उन्होने टीसीआई कार्यक्रम के द्वारा दिये जा रहे परिवार नियोजन एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रम सहयोग की सराहना की।

बैठक में कुलभूषण ने सभी एएनएम को मासिक प्रपत्र टिकाकरण एवं क्षेत्र संबन्धित जानकारी माहवार अपने केंद्र पर जमा करना सुनिश्चित करें। बैठक में परिवार नियोजन सेवाओं की मौजूदा स्थिति और उनकी गुणवत्ता में सुधार के उपायों पर जोर दिया गया। यह भी चर्चा की गई कि परिवार नियोजन सेवाओं की पहुंच को बढ़ाने के लिए किस प्रकार की रणनीतियों को लागू किया जा सकता है। साथ ही, इन सेवाओं के प्रति समुदाय की जागरूकता को भी बढ़ाने के उपायों पर विचार किया गया। बैठक में रांची शहरी क्षेत्र से लोक स्वास्थ्य प्रबन्धक, एएनएम के साथ साथ पीएसआई इंडिया से प्रणव कुमार झा, संतोष कुमार पाण्डेय एवं अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## धार्मिक- सामाजिक भावना को ठेस पहुंचने का प्रयास करने वाले को जेल

मेट्रो रेज

**मुरी:** शरारती तत्व बूढ़ेश्वर महतो उर्फ बुचा महतो द्वारा झारखण्ड मोड़ स्थित निर्मल महतो की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ किया गया । साथ ही राजनैतिक पार्टी के झंडा के साथ अनैतिक कार्य कर लोगों की धार्मिक एवं सामाजिक भावना को ठेस पहुंचने का प्रयास किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित



करवाई करते हुए उक्त उपद्रवी को न्यायिक हिरासत मे भेजा गया।

## जैप 1 डोरंडा के जामा मस्जिद में बुलंद दरवाजे का उद्घाटन

**रांची:** डोरंडा जामा मस्जिद जैप 1 के इमाम व खतीब सह सज्जादा नशी खानकाह मजहरिया मुनअमिया मौलाना सैय्यद शाह अलकमा शिबली कादरी की सरपरस्ती में मस्जिद के बुलंद दरवाजे का उद्घाटन सोमवार को किया गया।



उसके बाद नातिया मुशायरा के आयन हुए। मुशायरा व जलसे में देश विदेश के मशहूर शायर हलीम शबीर, रईस हैदर आजमी, अख्तर इमाम अंजुम, जफर फिरदौस आदि शामिल हुए। एशा की नमाज के बाद देर रात तक जलसे का आयोजन हुआ। मौके पर मस्जिद कमेटी जैप वन डोरंडा के सदर सह अधिवक्ता मो कैसर, गुफरान अशरफी, हाजी गुड्डन, नासिर अफसर, एहतेशामुलहक, इफ्तेखार अहसन व अन्य मौजूद थे।

## अचानक बिगड़ा मौसम, लोगों की बढ़ी टेंशन, अलर्ट जारी

**रांची:** राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में ठंड धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। शाम ढलते ही कंपकंपी शुरू हो जाती है। आलम यह है कि अधिकांश जिलों का न्यूनतम तापमान जहां 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच चुका है तो दूसरी ओर अधिकतम तापमान भी 25 डिग्री सेल्सियस के इर्द गिर्द ही मंडरा रहा है। राजधानी का अधिकतम और न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी पूवार्नुमान की बात करें तो राज्य में अगले पांच दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। साथ ही सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आंशिक बादल के छाए रहने का पूवार्नुमान जारी किया गया है। राजधानी समेत पूरे राज्य में यह स्थिति एक दिसंबर तक बनी रहेगी। ठंड से आम जनजीवन परेशान होने लगा है।देर रात ठिठुरन बढ़ने लगी हैं। बता दें कि सुबह और देर शाम धीमी धीमी बह रही पछुआ हवा ने तापमान को गिरा दिया है। अब तो शाम ढ़लते ही कनकनी बढ़ जाने से लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य के सभी जिलों का मौसम शुष्क बना रहा।

## रूडसेट संस्थान सिल्ली में एक दिवसीय मानव संसाधन विकास कार्यक्रम आयोजित

मेट्रो रेज

**सिल्ली:** धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में एक दिवसीय मानव संसाधन विकास कार्यक्रम एचआरडी आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि निशि कांत नीरज डीपीएम,जेएस एलपीएस रांची उपस्थित हुए और दस हजार प्रशिक्षु के प्रशिक्षण का लक्ष्य पूरा होने के शुभ अवसर पर केक काट कर सभी को बधाई दिए और प्रोग्राम की शुरूआत किए। इस कार्यक्रम में रांची जिला के सभी प्रखंड से आए बीपीएम ने भाग लिया । मुख्य अतिथि ने यह संदेश दिए



कि रुडसेट संस्थान में हो रहे प्रशिक्षण को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है और वित्तीय वर्ष के टारगेट को कैसे पूरा किया जाए इस पर विशेष चर्चा किए । इस कार्यक्रम में शिव कुमार रमन जिला प्रबंधक स्किल्स रांची, प्रमोद कुमार जिला प्रबंधक उद्यमिता विकास रांची,दीपक कुमार जिला प्रबंधक वित्तीय समावेश रांची, सचिन प्रकाश जिला प्रबंधक एमआईएस रांची उपस्थित रहे और सभी लोगों ने प्रशिक्षण से संबंधित अपनी विचार को रखे। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने रुडसेट संस्थान के सभी कार्यक्रम को पीपीटी के माध्यम से दिखाये और साथ मिलकर कार्य करने की बात कही । मौके पर वरिष्ट संकाय अनिल कुमार, वरिष्ट जगदीश चंद्र महतो, दशरथ महतो,महेश रुहिदास , सुनील मुंडा व अन्य उपस्थित रहे ।

## नई सरकार के शपथ ग्रहण में मुख्य अतिथि का निमत्रंण पीएम व असम के सीएम को भेजेंगे : सुप्रियो

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड के इस प्रचंड विजयी के साथ हमारे नेता हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 28 नवंबर को मोरहाबादी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नई सरकार का गठन करेंगे। उसके बाद यहां के करोड़ों लोगों की आशाओं की पूर्ति होगी। उन्होंने कहा कि इस शपथ ग्रहण समारोह के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, असम के मुख्यमंत्री हिमंता विससरमा को निमंत्रण पत्र भेंजेंगे, वे हमारे मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने कहा कि इस विजयी का परिनाम दूसरे राजनीतिक प्रतिद्वंदी में हुआ है, जिसे वे पचा नहीं पा रहे हैं। यहां भोले भाले आदिवासियों को अपना नेतृत्व थोपना उन्हें महंगा साबित हुआ।




हम लोग आपस में सौहार्दपूर्ण वातावरण में चुनाव लड़ते हैं, घृणा की भाषा बहुत चिंताजनक है। जहां सबसे अधिक जहर उगला, वहां उनका सूपड़ा साफ हो गया, वह सोमवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक सोचा समझा प्रयास ना हो, यहां आदिवासी सीट है, हरिजन सीट है, उस पर प्रहार होने जा रहा है। इन्हें किसान, युवा, महिला, आदिवासी, हरिजन नहीं भाते हैं।झारखंडी पर्यटन स्थल

सुप्रियो ने कहा कि झारखंड विधानसभा में जो सीटे हैं, उसमे सीटें घटाई गई तो ठीक नहीं है। इनकी यही कोशिश है। हम इनके मनुवादी सोच को समझते हैं। इनका पूरा प्रहार फिर से शुरू होगा। यहां के आदिवासी-मूलवासी में धर्म-जाति के नाम पर दरार पैदा करना। यह गंभीर विषय है, क्योंकि संसद का सत्र शुरू होने वाला है। इस विजय के लिये 56 नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि का आभार। सुप्रियो ने कहा कि जो लोग विपक्ष में होंगे उनका भी दायित्व है, सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाये, लंबित विकास योजनाओं को केंद्र तक पहुंचाने में मदद करें, जेएलकेएम के एक नेता पर विश्वास है, वे सरकार के साथ चलें। सुप्रियो ने कहा कि मांडू से जन प्रतिनिधि चुने गये, जो दूसरों को रोजगार देने की बात करते थे, वे खुद बेरोजगार हो गये। केवल नारा देकर लोगों को बेवकूफ नहीं बना सकते हैं।

## जवान ने की आत्महत्या

**धनबाद :** आईटीबीपी के जवान ने मंगलवार को खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह घटना धनबाद जिले के बलियापुर थाना अंतर्गत बिनोद बिहारी महतो कॉलेज की है, जहां झारखंड विधानसभा चुनाव ड्यूटी में धनबाद आये जवान संदीप कुमार ने खुद को गोली मार ली। जवान उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग का रहने वाला था। घटना की सूचना पाकर धनबाद के सिटी एसपी अजीत कुमार और सीआईएसएफ के अधिकारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल में जुट गये हैं। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रथम दृष्टया, घटना के पीछे व्यक्तिगय कारण होने की आशंका जतायी जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आईटीबीपी के मुख्यालय ने परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी है।

## इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा का ब्रेन हेमरेज से निधन



**रांची:** इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा का निधन हो गया। मंगलवार को राजेश सिन्हा का धनबाद में ब्रेन हेमरेज की वजह से निधन हो गया है। वो रांची में डेली मार्केट और सुखदेवनगर थाना में प्रभारी रह चुके थे। उनके निधन के बाद पुलिस एसोसिएशन ने शोक व्यक्त किया है।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला**

(गुमशुदा महिला कि पहचान हेतु)



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुमशुदा महिला श्रीमती सुशीला देवी उम्र–27 वर्ष, पति–राजकुमार यादव, सा0–फरिया मोढाटोली, थाना+जिला–गुमला। जिसके संबंध में गुमला थाना सन्हा सं0–15/24, दिनांक–05.09.2024 दर्ज कर खोजबीन किया जा रहा है।

जिसका हुलिया निम्न प्रकार है:– 1. उच्चाई– 05 फीट 02 ईंच, 2. बाल–काला, 3.रंग–सॉवला, शरीर माध्यम दर्जे का, 4. पहनावा–छिटदार साड़ी एवं लाल ब्लाउज, पेटीकॉट, पैर में सैंडल पहने हुए।

इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उक्त गुमशुदा महिला श्रीमती सुशीला देवी, के बारे में कोई पहचान/जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गुमला या निम्नांकित मो0 नं0 पर संपर्क कर इसकी सूचना दे सकते है।

1.पुलिस अधीक्षक गुमला – 9431706376
2. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गुमला –9431706202
3.थाना प्रभारी, गुमला – 9431397113

पुलिस अधीक्षक,
गुमला

PR 340278 (Police)24-25*D

## सुविचार

**इंसान तो घर-घर पैदा होते हैं, लेकिन इंसानियत बस कहीं-कहीं ही जन्म लेती है।**

## नतीजों का संदेश

दो राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों ने एक बार फिर राजनीति के जानकारों को चौंका दिया। महाराष्ट्र में इतनी बड़ी जीत की उम्मीद शायद इखढ समेत महायुति के समर्थकों को भी नहीं होगी। वहीं, झारखंड में पार्टी को सत्ता में वापसी की आस थी, लेकिन वह अधूरी ही रह गई। खैर, इन नतीजों का असर देश की सियासत पर पड़ना तय है। सीटों की संख्या के लिहाज से यूपी के बाद दूसरे सबसे बड़े राज्य महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के नतीजों ने सभी का ध्यान खींचा था। लेकिन विधानसभा की लड़ाई बिल्कुल अलग रही। एकतरफा जीत बताती है कि महायुति की शिंदे सरकार से जनता नाराज नहीं थी। वहीं, अगर कोई असंतोष रहा भी हो, तो सरकार ने उसे सही समय पर दूर कर लिया। दोनों ही राज्यों में मौजूदा सरकारों ने महिलाओं को लुभाने के लिए योजनाओं का ऐलान किया। महाराष्ट्र में लाड़की बहीण (लाड़ली बहना) योजना को गेमचेंजर माना जा रहा है, जिसने महिलाओं को महायुति के पाले में ला खड़ा किया। महाविकास आघाड़ी के उठाए मुद्दे बेअसर रहे। इसी तरह, झारखंड में हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के जरिये महिला वोटर्स को साधा। इन चुनावों में पार्टियों द्वारा की जा रही मुफ्त योजनाओं की घोषणा खूब चर्चा में रही। इसकी आलोचना भी हुई। लेकिन, परिणामों से जाहिर है कि इसका असर हुआ है। शिंदे और सोरेन सरकार, दोनों ने बुजुर्गों, युवाओं, किसानों के लिए कई वादे किए। जनता के बीच यह बात भी फैली कि अगर सरकार बदलती है तो योजनाएं बंद हो जाएंगी। यह चुनाव 'बंटेंगे तो कटेंगे' और 'एक हैं, तो सेफ हैं' जैसे नारों के लिए याद रखा जाएगा। भाजपा ने हिंदुत्व की आक्रामक राह पकड़ी और हिंदू समाज को एकजुट कर लिया। लेकिन, यही बात मुस्लिमों को लेकर कांग्रेस नहीं कह सकती। हालांकि, झारखंड में भाजपा का यह कार्ड नहीं चला। वहां पार्टी ने बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाया था, जो कारगर नहीं रहा। आदिवासी समाज ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का साथ दिया। इसके पीछे हेमंत के साथ सहानुभूति फैक्टर रहा। लोकसभा चुनावों का अच्छा प्रदर्शन अब बहुत पुरानी बात लग रही है। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में मिली बड़ी हार ने आईएनडीआइए के भीतर कांग्रेस की स्थिति कमजोर कर दी है। झारखंड में अलायंस को भले जीत मिली, लेकिन उसमें कांग्रेस का बहुत बड़ा रोल नहीं कहा जा सकता। इसका असर आने वाले चुनावों पर पड़ेगा, जहां कांग्रेस को सीटों के लिए सहयोगियों के साथ ज्यादा कड़ी सौदेबाजी करनी पड़ सकती है। पार्टी और केंद्र सरकार, दोनों के पास यह कहने का मौका है कि जनता ने उनके 'एक राष्ट्र एक चुनाव' और 'समान नागरिक संहिता' जैसे अजेंडे को स्वीकार किया है। हालांकि, महाराष्ट्र में सीएम पद को लेकर महायुति में खींचतान हो सकती है। भाजपा ने देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में राज्य में सबसे अधिक सीटें हासिल की हैं तो चुनाव एकनाथ शिंदे सरकार की अगुआई में लड़ा गया। देखना होगा कि इस मामले में महायुति में क्या फॉम्युर्ला निकलता है।

## भारतीय संविधान: महत्वपूर्ण तथ्य

भारत का संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है, जो 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। हालांकि इसे स्वीकृत 26 नवम्बर 1949 को ही कर लिया गया था। इसीलिए इसी दिन संविधान दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष यह अवसर इसलिए विशेष है क्योंकि इस साल भारतीय संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूरी हो रही है। 26 नवंबर को भारतीय संविधान को अपनाए जाने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संविधान भवन में संसद के दोनों सदनों के सदस्यों के साथ संविधान दिवस मनाया जाएगा। ऐसे में इस विशेष अवसर पर भारत के गौरव के प्रतीक भारतीय संविधान के निर्माण से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को जानना बेहद जरूरी है। - सर्वप्रथम सन 1895 में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने मांग की थी कि अंग्रेजों के अधीनस्थ भारतवर्ष का संविधान स्वयं भारतीयों द्वारा ही बनाया जाना चाहिए लेकिन तिलक के सहयोगियों द्वारा भारत के लिए स्वराज्य विधेयक के प्रारूप को, जिसमें पहली बार भारत के लिए स्वतंत्र संविधान सभा के गठन की मांग की गई थी, ब्रिटिश सरकार द्वारा ठुकरा दिया गया था। 1922 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने मांग की कि भारत का राजनैतिक भाग्य भारतीय स्वयं बनाएंगे। 1924 में पं. मोतीलाल नेहरू ने संविधान सभा के गठन की फिर मांग की लेकिन अंग्रेजों द्वारा उनकी मांग को भी ठुकरा दिया गया। तब से संविधान सभा के गठन की मांग लगातार उठती रही लेकिन अंग्रेजों द्वारा उसे हर बार ठुकराया जाता रहा। 1939 में कांग्रेस अधिवेशन में एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें कहा गया कि स्वतंत्र देश के संविधान के निर्माण के लिए संविधान सभा ही एकमात्र उपाय है और अंततः 1940 में ब्रिटिश सरकार ने इस मांग को मान लिया कि भारत का संविधान भारत के लोगों द्वारा ही बनाया जाए। 1942 में क्रिप्स कमीशन ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें कहा गया कि भारत में निर्वाचित संविधान सभा का गठन किया जाएगा, जो भारत का संविधान तैयार करेगी। 9 दिसम्बर सन 1946 को संविधान सभा सच्चिदानंद सिन्हा की अध्यक्षता में पहली बार समवेत हुई थी लेकिन मुस्लिम लीग ने अलग पाकिस्तान बनाने की मांग को लेकर इस बैठक का बहिष्कार किया। 11 दिसम्बर 1946 को हुई संविधान सभा की बैठक में डा. राजेन्द्र प्रसाद को संविधान सभा का अध्यक्ष चुना गया और वे संविधान के निर्माण का कार्य पूरा होने तक इस पद पर रहे। 14 अगस्त 1947 को भारत डोमिनियन की प्रभुत्ता सम्पन्न संविधान सभा पुनः समवेत हुई और 29 अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत में संविधान सभा द्वारा संविधान निर्मात्री समिति का गठन किया गया, जिसका अध्यक्ष सर्वसम्मति से डा. भीमराव अम्बेडकर को बनाया गया। संविधान प्रारूप समिति की बैठकें 114 दिन तक चली।संविधान के निर्माण में कुल 2 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा। संविधान के निर्माण कार्य पर कुल 63 लाख 96 हजार 729 रुपये का खर्च आया। संविधान के निर्माण कार्य में कुल 7635 सूचनाओं पर चर्चा की गई। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू होने के बाद से अब तक हुए अनेक संशोधनों के बाद भारतीय संविधान में 440 से भी अधिक अनुच्छेद व 12 परिशिष्ट हो चुके हैं।

# महाराष्ट्र में हिंदुत्ववादी ताकतों ने एनडीए के पक्ष में कैसे बाजी पलटी

**हिंदुत्ववादी ताकतें जमीनी परिदृश्य कैसे बदल रही हैं आरएसएस, वीएचपी और अन्य हिंदुत्व संगठनों की मदद से एकजुट धार्मिक और आध्यात्मिक गुरुओं ने वक्फ बोर्ड अधिनियम, लव जिहाद, शरिया कानून, वोट जिहाद, मदरसा घृणित शिक्षा और इसके वित्तपोषण, हिंदुओं के धार्मिक धर्मांतरण और इसके घातक प्रभावों के खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हिंदुओं की बड़ी सभाओं को संबोधित करके झूठी कथाओ पर काम करना शुरू कर दिया, और कैसे एकजुट हिंदू संविधान को विनाशकारी ताकतों से बचा सकते हैं, यह बताया गया।**

प्र 23 नवंबर 2024 हिंदू समुदाय के लिए एक आंतरिक परिवर्तन का दिन बन गया है, क्योंकि भाजपा और सहयोगियों ने महाराष्ट्र में एक ऐसी स्थिति में भारी जीत हासिल की, जो बड़ी चुनौतीपूर्ण लग रही थी। हिंदू जागरण ने न केवल इस चुनाव के लिए, बल्कि भविष्य के चुनावों के लिए भी कथानक को परिभाषित किया है और यह भी बताया है कि कैसे

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

राजनीतिक दल सनातन सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए विकास के लिए काम कर सकते हैं। भाजपा और उसके सहयोगियों की अकल्पनीय स्ट्राइक रेट पर बेमिसाल सफलता में किन तत्वों ने योगदान दिया। भारत के विचार (आइडिया ऑफ इंडिया) और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों के खिलाफ डीप स्टेट ताकतों के झूठे कथानक, साथ ही राहुल गांधी और इंडी गठबंधन को अंतर्राष्ट्रीय डीप स्टेट ताकतों का मजबूत समर्थन ने जाति, संविधान और आरक्षण के आधार पर हिंदू मतदाताओं के बीच व्यापक विभाजन पैदा कर दिया था। पीएम मोदी ने फिर से केंद्र में सरकार बनाई, लेकिन इस बार अपने दम पर बहुमत हासिल किए बिना। वामपंथी उदारवादी ताकतों और हिंदुत्व विरोधी राजनीतिक ताकतों ने झूठे कथानकों का लाभ उठाते हुए सनातन धर्म और मोदी सरकार पर भयंकर वैचारिक हमला किया। यह हिंदुत्व के लिए अधिक हानिकारक साबित हुआ है, लेकिन आरएसएस, विहिप, हिंदू धार्मिक और आध्यात्मिक संतों और उनके संगठनों जैसी हिंदुत्ववादी ताकतें हिंदुत्व के लिए हिंदुओं को एकजुट करने के लिए एक साथ आ गई हैं।

### हिंदुत्ववादी ताकतें जमीनी परिदृश्य कैसे बदल रही हैं

आरएसएस, वीएचपी और अन्य हिंदुत्व संगठनों की मदद से एकजुट धार्मिक और आध्यात्मिक गुरुओं ने वक्फ बोर्ड अधिनियम, लव जिहाद, शरिया कानून, वोट जिहाद, मदरसा घृणित शिक्षा और इसके वित्तपोषण, हिंदुओं के धार्मिक धर्मांतरण और इसके घातक प्रभावों के खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हिंदुओं की बड़ी सभाओं को संबोधित करके झूठी कथाओ पर काम करना शुरू कर दिया, और कैसे एकजुट हिंदू संविधान को विनाशकारी ताकतों से बचा सकते हैं, यह बताया गया। इस सजगता ने हिंदू समुदाय में एक बड़ी सकारात्मक लहर पैदा की, और उन्होंने पहचाना कि एकता कितनी महत्वपूर्ण है, यही वजह है कि 2019 और मौजूदा लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार वोट प्रतिशत में वृद्धि हुई।

### नारे किस तरह चुनावों को प्रभावित कर रहे

पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नारे ₹एक है तो सुरक्षित है₹ और ₹बटेंगे तो कटेंगे₹ ने हिंदुओं में जबरदस्त जागृति पैदा की। श्रेष्ठता और हीनता का सीमित जातीय रवैया टूट गया और हिंदू अब एकजुट होकर मतदान कर रहे हैं। मुस्लिम नेता सज्जाद नोमानी और अन्य मौलवी और मुस्लिम संगठनों द्वारा एमवीए को वोट देने के लिए ₹फतवा₹ जारी करने से भी हिंदू एकता बढ़ी है। धुले, महाराष्ट्र लोकसभा सीट पर हुए वोट जिहाद के बारे में हिंदुओं में समझ पैंदा गई कि अगर वोट जिहाद के परिणामस्वरूप ऐसी सरकार बनती है जो मुसलमानों की महाराष्ट्र धर्म और सनातन धर्म विरोधी 17 मांगों को पूरा करती है तो यह पूरे हिंदू समुदाय के लिए कितना खतरनाक होगा। हिंदुत्ववादी ताकतों के संयुक्त प्रयासों ने हिंदू एकता को मजबूत किया और साथ ही सभी राजनीतिक दलों, खासकर हिंदुत्व का विरोध करने वाले और शरिया का समर्थन करने वालों को एक मजबूत संकेत दिया कि हिंदुओं को हल्के में नहीं लिया जा सकता और उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक नहीं माना जाना चाहिए। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने अपने भाषण और रैली से काफी प्रभाव डाला, खासकर मराठवाड़ा के उस क्षेत्र में जिसने लोकसभा चुनावों में मोदी सरकार के खिलाफ वोट दिया था।

### झूठे आख्यानों का भंडाफोड़ कैसे किया जा रहा

सभी क्षेत्रों के बुद्धिजीवियों की टीमों को संगठित करके और हर अंतिम व्यक्ति तक सटीक जानकारी या आख्यान पहुँचाकर झूठे आख्यानों का भंडाफोड़ करना बहुत ही कारगर साबित हुआ है। राहुल गांधी और इंडी गठबंधन द्वारा आगे बढ़ाए गए हर झूठे आख्यान को तथ्यों और आंकड़ों का उपयोग करके पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है। इससे लोगों में यह जागरूकता भी बढ़ी है कि संविधान, आरक्षण, व्यापार, उद्योग, उद्योगपति, अर्थव्यवस्था, महाराष्ट्र के गुजरात के साथ संबंध और किसानों की कठिनाइयों से संबंधित झूठे आख्यानों को सत्यता के साथ जवाब दिया जा रहा है। मराठा आरक्षण कारक ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुत नुकसान पहुँचाया। मराठा और ओबीसी जाति की राजनीति ने भाजपा और उसके सहयोगियों को काफी नुकसान पहुँचाया है। मराठों के मन को बदलना मुश्किल था, यह तथ्य प्रस्तुत करके कि कौन उनके पक्ष में था और कौन उनके खिलाफ काम कर रहा था। साथ ही, ओबीसी की भावनाओं को सावधानीपूर्वक संबोधित किया जाना चाहिए। हिंदुत्ववादी ताकतों ने इस जटिल कार्य को सहजता से पूरा किया, तथ्यों और आंकड़ों के साथ जागरूकता फैलाई कि सभी को हिंदुत्व के झंडे तले क्यों एकजुट होना चाहिए। इससे भाजपा और उसके सहयोगियों को बहुत फायदा हुआ है। मराठा और ओबीसी मतदाताओं ने जातिगत राजनीति को दरकिनार कर बेहतर और महान महाराष्ट्र के पक्ष में बड़ी संख्या में मतदान किया।

### जीत की ओर ले जाने वाली नीतियां

चूंकि राज्य में भी भाजपा की सरकार थी, इसलिए मध्यम वर्ग, नव-मध्यम वर्ग, गरीब परिवारों, किसानों और मजदूरों के लिए मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया गया। बहनों के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित सबसे बडी और प्रभावी पहल, ₹लाडली बहन योजना₹ ने भाजपा और उसके गठबंधन सहयोगियों के पक्ष में एक मजबूत सकारात्मक लहर पैदा की है। भाजपा और उसके सहयोगियों को वोट देने के लिए महिलाओं की ताकत बड़ी संख्या में सामने आई।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भारतीय अर्थव्यवस्थाए पर निशाना साध रही है बाइडेन की लीडरशिप

**भारत में 2023 में 94 नए अरबपति जुड़े, जो अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जिससे कुल 271 व्यक्तियों की कुल संपत्ति कम से कम एक बिलियन अमरीकी डॉलर हो गई। वस्तुत: यह रिपोर्ट हाल के दिनों में भारत की बढ़ती आर्थिक गति को दशार्ती है। सामूहिक रूप से, इन भारतीय अरबपतियों के पास एक ट्रिलियन अमरीकी डॉलर की संपत्ति है, जो कुल वैश्विक अरबपतियों की संपत्ति का सात प्रतिशत है,**

अ मेरिका ने बांग्लीदेश में सत्ता् परिवर्तन करने के लिए क्याब-क्यान किया, यह किसी से छिपा नहीं रहा है। भारत में सत्तात बदलने के लिए जॉर्ज सोरोस (अमेरिकी निवेशक, उद्योगपति) एवं अन्य क्यास षड्यंत्र रच रहे थे यह भी अब सभी के सामने आ चुका है। इसमें भारत की विपक्षी पार्टी कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी की भागीदारी कितनी रही है, यह भी आज सभी जानते हैं, इसमें गौतम अडानी को पहले और अब कैसे जोड़ा जा रहा है, और ऐसा करने से नुकसान किसका हुआ या हो रहा है, वह भी आज हमारे सामने है। वास्त व में जिस तरह से पहले और आज भारतीय उद्योगपति अडानी पर अमेरिका से निशाना साधा जा रहा है, यह बहुत गहराई से समझने की आवश्यकता

**-डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

हर भारतीय को है। एक तरह से देखा जाए तो यह हमला सिर्फ अडानी किसी एक उद्योगपति पर नहीं बल्किह भारतीय अर्थव्य वस्थाय की सुदृढ़ होते सिस्टीम को कमजोर करने का प्रयास है। यहां यह सहज विचार किया जा सकता है कि अडानी के कमजोर होने से सबसे अधिक लाभ किसे होगा? दुनिया के सबसे अधिक अमीर अरबपतियों की सूची में किस देश के लोग हैं? इसका उत्त र है अमेरिका और चीन । दोनों ही देशों में लगभग बराबर से अरबपति लोगों की संख्यास है, स्वकभाविक है कि आर्थिमक स्तबर पर सबसे ज्या दा प्रतिस्पिर्धा भी इन्हीं् दो देशों में दिखाई देती है, पीछे से पिछले कुछ सालों में केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद से भारत में भी अरबपतियों की संख्याी में तेजी से इजाफा हो रहा है। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2024 के आंकड़े हमारे सामने हैं, जिसके अनुसार मुंबई 92 अरबपतियों के साथ दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अरबपतियों की राजधानी बन गई, यह अब एशिया की अरबपतियों की राजधानी के रूप में बीजिंग से आगे निकल गई है। भारत में 2023 में 94 नए अरबपति जुड़े, जो अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जिससे कुल 271 व्यक्तियों की कुल संपत्ति कम से कम एक बिलियन अमरीकी डॉलर हो गई। वस्तुतः यह रिपोर्ट हाल के दिनों में भारत की बढ़ती आर्थिक गति को दशार्ती है। सामूहिक रूप से, इन भारतीय अरबपतियों के पास एक ट्रिलियन अमरीकी डॉलर की संपत्ति है, जो कुल वैश्विक अरबपतियों की संपत्ति का सात प्रतिशत है, जोकि आज भारत के महत्वपूर्ण आर्थिक प्रभाव को रेखांकित करता है। दूसरी ओर भारत के वे बड़े उद्योगपति हैं, जिनके कारण आर्थिकक क्षेत्र में भारत की वैश्विेक पहचान ही नहीं बल्कि नए नवाचार एवं करोड़पति-अरबपति उद्योग जगत के लोग इनका अनुसरण करते हुए सतत अपने-अपने क्षेत्रों में सफल होने के प्रयास कर रहे हैं, उनमें टाटाग्रुप, अंबानी-रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी ग्रुप, जिंदल ग्रुप-जेएसडब्ल्यू ग्रुप, शिव नादर- एचसीएल टेक्नोलॉजीज, दिलीप सांघवी- सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बिड़ला ग्रुप, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, हिंदुजा फैमिली, रवि जयपुरिया, लक्ष्मी मित्तल, सुधीर एंड समीर मेहता, मधुकर पारेख एंड फैमिली, उदय कोटक, अजीम प्रेमजी, मंगल प्रभात लोढ़ा, गोदरेज, बर्मन फैमिली, पंकज पटेल, कपिल एंड राहुल भाटिया, मुरुगप्पा फैमिली, विनोद एंड अनिल राय गुप्ता, रेखा झुनझुनवाला, मुरली देवी फैमिली और विक्रम लाल फैमिली समेत कई नाम शामिल हैं। जिसमें कि गौतम अडानी और मुकेश अंबानी कभी एक या दो पर बने रहते हैं । अमेरिका के संदर्भ में यहां कहना होगा कि राष्ट्रेपति जो बाइडेन और कमला हैरिस की टीम चाहकर भी जब भारत में प्रधानमंत्री मोदी को सत्तार से नहीं हटा पाए, जैसा कि उनका अनुमान बांग्ला देश, श्रीलंका सत्ता के परिवर्तन की तरह रहा होगा, तब वे सत्तान से जाते-जाते अमेरिका के नए राष्ट्रनपति डोनाल्डत ट्रंप के लिए अनेक विवाद और मुसीबतें खड़ी कर देना चाहते हैं। इनसे जुड़े उद्योगपतियों का भी दबाव भी इस तरह के आरोपों और भारतीय उद्योगपति पर की जा रही इस कार्रवाई से साफ नजर आता है। वे दुनिया में भारत को आर्थिइक रूप से शक्तिडशाली होने से हर हाल में रोक देना चाहते हैं। अडानी इनके आसान शिकार इसलिए बनाए जा रहे हैं, क्यों कि वे प्रमुखता से दुनिया भर में विस्तानर कर रहे हैं, इसलिए उनकी निगाहें बार-बार गौतम अडानी पर जाकर टिक जा रही हैं। आज अडानी हर मौके को अंतिम अवसर मानकर अमेरिका एवं अन्यर देशों के अरबपतियों और खबरपतियों को चुनौती दे रहे हैं। ये अलग बात है कि अब तक उन पर जितने भी आरोप लगाए गए, हर बार आरोप गलत साबित हुए, किंतु इन आरोपों से तत्का?ल में जो भारतीय बाजार में अविश्वाबस पैदा होता है और निवेशकों का करोड़ों रुपया डूब जाता है, वह बहुत चिंता पैदा करता है। इससे पहले हमने देखा ही है कि जब साल 2022 में गौतम अडानी 150 अरब डॉलर के साथ दुनिया के तीसरे सबसे अमीर कारोबारी बन गए थे, तब उन्हीं नीचे गिराने के कैसे षड्यंत्र शुरू हो गए थे। पिछले साल की शुरूआत में जनवरी में उन पर अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने गंभीर आरोप लगाए। ये एक बार नहीं कुछ वक्तक के साथ दो बार लगाए गए, स्वाभाविक तौर पर इसका बाजार में असर हुआ, पहले अधिक हुआ और इस रिपोर्ट के बाद अडानी ग्रुप को 150 बिलियन डॉलर से ज्यादा का नुकसान हुआ था। बाद में फिर जब ऐसे ही आरोप हिंडनबर्ग रिसर्च ने लगाए तो बाजार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। अमेरिका के कई उद्योग जगत के लोग जो सोच रहे थे, वह हो नहीं सका। जांच में अडानी ग्रुप पर लगे सभी आरोप निराधार पाए गए। वस्तुरतः अब यह तीसरा लगातार का प्रयास है अडानी ग्रुप के जरिए भारतीय अर्थव्यपवस्थाए पर चोट करने का। इस बार अमेरिकन जो वाइडेन प्रशासन सरकारी सिस्ट्म के साथ उनके विरोध में सामने आया है। स्वअभाविक है सरकार का असर हुआ है और पिछले दो दिनों में अडानी ग्रुप के सभी शेयर नीचे आ गए हैं। आप इसमें षड्यंत्र का अंदाजा इससे लगा सकते हैं कि हाल ही में अमेरिकी चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प की जीत के तुरंत बाद, अडानी ने एक्स पर उन्हें जीत की बधाई दी और लिखा कि उनका ग्रुप अमेरिकी एनर्जी और इंफ्रा प्रोजेक्ट्स में 10 बिलियन डॉलर का निवेश करेगा, जिससे अमेरिका में 15,000 जॉब जेनरेट होने की संभावना होगी। यानी जिस एनर्जी और इंफ्रा प्रोजेक्ट्स को लेकर वह अमेरिका में अपने उद्योग को विस्तानर देनेवाले थे, उसी क्षेत्र में उन पर ये आरोप लगाए गए हैं ताकि उन्हें अमेरिका में अपने उद्योग को विस्ताकर देने से रोका जा सके। अमेरिका जो वाइडेन प्रशासन एवं उनसे जुड़े उद्योगपतियों पर शक इसलिए भी होता है क्योंइकि जब पिछली बार अडानी एंटरप्राइजेज का एफपीओ आने वाला था, तभी यह हिंडेनबर्ग रिपोर्ट सामने आई थी, कंपनी 600 मिलियन डॉलर जुटाने वाली थी। वस्तुंतः इसके जरिए अडानी इंटरप्राइजेज 20,000 करोड़ रुपए जुटा भी लिए गए थे, किंतु बाजार के विश्वाजस बनाए रखने के लिए कंपनी ने सभी निवेशकों को उनका रुपया लौटा दिया था। अपने मजबूत इरादों और विश्वा स के जरिए गौतम अडानी फिर से निवेशकों का भरोसा जीतने में सफल रहे। श्रीलंका पोर्ट प्रोजेक्ट जैसे कई देशों में चल रहे प्रोजेक्टन हैं, जिनमें अमेरिकन निवेश है, लेकिन इनमें किसी न किसी तरह आज अडानी ग्रुप की इंट्री भी हो गई है। इससे भी कहीं न कहीं कई अमेरिकन निवेशकों एवं उद्योगपतियों की नींद उड़ी हुई है। पिछले कुछ सालों में देखने में आ रहा है कि जिस भी प्रोजेक्टु को अडानी ग्रुप अपने हाथ में ले रहा है भले ही कल तक वह मिट्टी रहा है, लेकिन अचानक से वह सोना हो जा रहा है।

# लॉड शिवा के व्यक्तित्व से सीखें जीवन में कैसे लाएं संतुलन

भ भगवान शिव को देवों के देव महादेव ही नहीं कहा जाता बल्कि उन्हें उनके व्यक्तित्व के कई गुणों की वजह से भी सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। कभी वो सौम्य-शांत है, तो कभी वो अत्यंत क्रोधी। ऐसे में उनके व्यक्तित्व से सीखा जा सकता है कि कैसे जीवन में संतुलन लाना है-

नकरात्मकताओं से गुजरते हुए भी सकरात्मक बने रहना पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर-जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि समुद्रमंथन से जब विष बाहर आया, तो सभी ने कदम पीछे खींच लिए थे क्योंकि विष कोई नहीं पी सकता था। ऐसे में महादेव ने स्वयं विष (हलाहल) पिया और उन्हें नीलकंठ नाम दिया गया। इस घटना से बहुत बड़ा सबक मिलता है कि हम भी जीवन में आने वाली नकरात्मक चीजों को अपने अंदर रखकर या इससे गुजरते हुए भी जीवन की सकरात्मकता बनाए रख सकते हैं।



शांत रहकर खुद को नियंत्रित रखना

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि शिव से बड़ा कोई योगी नहीं हुआ। किसी परिस्थिति से खुद को दूर रखते हुए उस पर पकड़ रखना आसान नहीं होता है। महादेव एक बार ध्यान में बैठ जाएं, तो दुनिया इधर से उधर हो जाए लेकिन उनका ध्यान कोई भंग नहीं कर सकता है। शिव का यह गुण हमें जीवन की चीजों पर नियंत्रण रखना सिखाता है।जीवन के हर रूप को खुलकर जीना

शिव की जीवन शैली हो या उनका कोई अवतार, वे हर रूप में बिल्कुल अलग हैं। फिर वो रूप तांडव करते हुए नटराज हो, विष पीने वाले नीलकंठ, अर्धनारीश्वर, सबसे पहले प्रसन्न होने वाले भोलेनाथ का हो। वे हर रूप में जीवन को सही राह देते हैं। बाहरी सुंदरता की जगह गुणों को चुनना भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि शिव का संपूर्ण रूप देखकर यह संदेश मिलता है कि हम जिन चीजों को अपने आस-पास देख भी नहीं सकते, उसे उन्होंने बड़ी आसानी से अपनाया है। उनके विवाह में भूतों की मंडली पहुंची थी। वहीं, शरीर में भभूत लगाए भोलेनाथ के गले में सांप लिपटा होता है। बुराई किसी में नहीं बस एक बार आपको उसे अपनाना होता है।

## सेहत

### सर्दियों में ड्राई स्किन होगी दूर

अक्सर सर्दी के मौसम में ड्राई स्किन परेशान करती रहती है। इस मौसम में ड्राई स्किन से निपटना काफी मुश्किल होता है। ठंड में हवा में नमी काफी कम होती है, जिससे स्किन ड्राई होने लगती है। सूखी त्वचा की समस्या से निपटने के लिए टोनर का प्रयोग करना उचित हैं लेकिन इसे सही तरीके से इस्तेमाल करना भी काफी जरुरी है। यदि आपकी स्किन ड्राई हो जाती है, तो हाइड्रेटिंग फेस टोनर आपके लिए बेस्ट है। आइए आपको बताते हैं कि इसका सही यूज कैसे करे। जब भी आप अपने त्वचा की देखभाल करना चाहते हैं, तो सबसे पहले अपने चेहरे पर जमा प्रदूषक, गंदगी, मैल आदि को हटाने के लिए अच्छे मॉइस्चाराइजिंग क्लींजर का यूज करें। इसकी मदद से आप चेहरे और गर्दन को साफ कर सकते हैं। जब त्वचा नम होती है तो टोनर आपकी स्किन में अच्छी तरह से अवशोषित हो जाते हैं। चेहरे को क्लींजर से धोने के बाद थोड़ा नम छोड़ते हुए माइक्रोफाइबर तौलिए से धीरे से थपथपाएं जरुर। इसके बाद आप स्किन को हाइड्रेटिंग रखने के लिए अच्छे क्वालिटी वाले टोनर को ले। मॉइस्चराइजिंग टोनर स्किन के पीएच लेवल को सुंतलित करने में मदद करता है। इसके साथ ही पहले रुखी त्वचा, ड्राई त्वचा में हाइड्रेशन को भी बढ़ावा देते हैं। टोनर को लगाने लिए एक कॉटन पैड पर कुछ बूंद टोनर की डालें और धीरे से ऊपर की ओर स्वाइप करें। चेहरे की नमी बनाए रखने के लिए फेस सीरम का प्रयोग करें। हथेली पर सिरम की बूंदें डालें और फिर फेस सीरम लगाएं। ये स्किन की चमक बनाए रखने में मदद करेगा। इसके साथ ही आप ड्राई स्किन से निपटने के लिए बेस्ट है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।

**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**

**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# लातेहार में मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर उतरे ग्रामीण, पांच घंटे तक जाम रखा सड़क

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**लातेहार:** जिले के बालूमाथ प्रखंड में जमीन के मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने लगभग 5 घंटे तक चंदवा-चतरा एनएच 99 को जाम कर दिया. हालांकि बाद में प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा उचित आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटा लिया. सड़क जाम के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा.

दरअसल, लातेहार जिले के चंदवा से चतरा तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य के लिए तीन साल पहले बालूमाथ प्रखंड के ग्रामीणों की जमीन अधिग्रहित कर ली गई थी. ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया था कि उन्हें जमीन के बदले उचित मुआवजा दिया जाएगा, लेकिन तीन वर्ष तक मुआवजा नहीं मिला. जिसके बाद नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को सड़क जाम कर दिया. सुबह 6:30 बजे से ग्रामीण सड़क पर जाम लगाकर बैठ गए थे.



ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान उनकी जमीन को अधिग्रहित किया गया था. जिस पर जमीन के बदले मुआवजा देने की बात कही गई थी, लेकिन जब भी इसकी मांग की जाती है तो अधिकारियों के द्वारा लगातार टाल मटोल किया जाता है. जिसके चलते मजबूरी में सड़क जाम करना पड़ा. ग्रामीणों ने कहा कि यदि उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो सड़क पर गाड़ियों का चलना बंद करवा देंगे.

इधर, सड़क जाम की सूचना के बाद पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया. लेकिन ग्रामीण पुलिस की कोई बात सुनने को तैयार नहीं थे. ग्रामीणों का कहना था कि जब तक जमीन के मुआवजे का भुगतान नहीं किया जाएगा तब तक सड़क जाम नहीं हटाएंगे. इसके बाद बालूमाथ के अंचल अधिकारी विजय कुमार 10 बजे के बाद पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की.

अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही मुआवजे की पूरी राशि ग्रामीणों के खाते में पहुंचा दी जाएगी. लातेहार के वरिष्ठ अधिकारियों से भी इस संबंध में बात हो चुकी है, जिसके बाद ग्रामीण जाम हटाने को तैयार हुए. हालांकि ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि मुआवजे की राशि जल्द ही उनके खाते में नहीं आई तो फिर से सड़क जाम किया जाएगा.

## न्यूज ब्रीफ

### नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि को बधाई के साथ दिया अल्टीमेटम : अरशद

**साहिबगंज :** चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर ने राजमहल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनंत कुमार ओझा की करारी हार को जनता की जीत करार देते हुए ओझा के दस साल के कार्यकाल को बुरी तरह से नकारते हुए इनके घमंड अहंकार को जनता ने बुरी तरह से कुचल कर रख दिया और जनता ने इनके नफरती व जहरीले बोल को नकारते हुए मुहब्बत के परचम को क्षेत्र में लहराने का काम किया साथ ही अरशद ने झामुमो के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि को बधाई के साथ अल्टीमेटम देते हुए कहा की जनता की चिरपरिचित मांग राजमहल में गंगा पुल बनवाने,राजमहल अनुमंडल को जिला बनवाने,तीनपहाड़ को प्रखंड बनवाने,पुर्वी व पश्चिम रेलवे फाटक पर ओभर ब्रिज बनवाने,चाय समाज को एससी में शामिल करवाने,खास महाल काला कानून को समाप्त करवाने,पत्थर व क्रशर उघोग को जीवित करने,मंडल रेल कार्यालय का स्थापना करवाने अनसर्वे भुमि का सर्वे करवाने,गंगा कटाव का स्थाई समाधान करवाने,घर घर सप्लाई पानी पहुंचाने,बंद अपर इंडिया व दानापुर राजगीर ट्रेन को चालु करवाने किसानों को सिंचाई की व्यवस्था करवाने क्षेत्र में चरमराई व बदहाल शिक्षा स्वास्थ्य बिजली सड़क आदि व्यवस्था को ठीक करवाने आदि की मांगो पुरा नहीं कराया तो आंदोलन का बिगुल फुंका जाएगा।

### अपने विद्यालय माता पिता समाज और देश के नाम को रोशन करें-रामदेव

साहिबगंज:विद्या भारती विद्यालय,जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के वंदना कक्ष में कक्षा षष्ठ से कक्षा दशम के भैया बहनों के अर्धवार्षिक परीक्षा के परीक्षा फल का प्रकाशन किया गया।सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदेव राम किरण कुमारी गुप्ता,अजय कुमार साह,श्यामा प्रसाद सारिका कुमारी व स्नेहा भारद्वाज ने सरस्वती माता, ओंकार एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन पुष्प अर्पित किया।परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त भैया,बहन को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।रामदेव राम ने बताया कि भैया बहन मन से पढ़ाई करें एवं अपने विद्यालय,माता पिता,समाज एवं देश के नाम को रोशन करें।कार्यक्रम का मंच संचालन आचार्य सारिका कुमारी ने किया।

परीक्षा परिणाम की घोषणा आचार्य श्यामा प्रसाद ने किया।अतिथि परिचय एवं धन्यवाद ज्ञापन आचार्य अमित कुमार नेकिया।शांति पाठ किरण कुमारी गुप्ता ने किया।कार्यक्रम में कक्षाषष्ठ से दशम के भैया बहन एवं अभिभावक बंधु उपस्थित थे।

### जनार्दन पासवान को लोजपा रामविलास नगर अध्यक्ष नितेश गुप्ता ने दी बधाई



**साहिबगंज :** झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हो चुके हैं।चतरा विधानसभा सीट से लोजपा रामविलास प्रत्याशी जनार्दन पासवान ने राजद प्रत्याशी और हेमंत कैबिनेट में मंत्री सत्यानंद भोक्ता की पुत्रवधू रश्मि प्रकाश को हराया।वही विधायक जनार्दन पासवान के प्रचंड जीत के लिए लोजपा रामविलास के साहिबगंज नगर अध्यक्ष नितेश कुमार गुप्ता ने लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान को हार्दिक बधाई व शुभकामना दिया है।वही नगर अध्यक्ष नितेश कुमार गुप्ता ने कार्यकताओं के बीच मिठाई बाट कर खुशी का इजहार किया।नगर अध्यक्ष नितेश कुमार गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने झारखंड के एक सीट चतरा पर जनार्दन पासवान को उम्मीदवार बनाया,और जनार्दन पासवान ने कड़ी मेहनत करते हुए हेमंत सरकार में रहे कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता की पुत्रवधू रश्मि प्रकाश को पराजित किया।श्री गुप्ता ने कहा कि जनार्दन पासवान के विधायक बनने से झारखंड में लोजपा रामविलास और मजबूत बन के उभरा है।वही नितेश गुप्ता ने बताया कि जल्द ही जिला अध्यक्ष प्रदीप पासवान के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल रांची जाकर चतरा विधायक जनार्दन पासवान को बधाई एवं शुभकामनाएं देंगे।

### कोई दस्तावेज नहीं रहने की बिना पर लकड़ी ट्रक को किया जब्त



**साहिबगंज :** वन विभाग अवैध लकड़ी माफिया पर शिकंजा कसने में तत्पर है।वन विभाग की टीम ने शनिवार की रात लगभग 3 बजे उधवा के पहाड़गांव स्थित इलाके में गश्त कर रही थी।तभी एक आरा मिल के पास टीम ने लकड़ी लदे एक ट्रक नंबर यूपी 44 एटी 8198 को खड़ा देखा।वन विभाग की टीम ने ट्रक कि छानबीन की।ट्रक में 92 बोटा लकड़ी लोड था।और कोई दस्तावेज नहीं रहने की बिना पर लकड़ी सहित ट्रक को जब्त कर तालझारी वन परिसर कार्यालय लाया गया।वहीं विभाग अग्रतर कार्यवाही की जा रही है। छापामारी टीम में वन परिसर पदाधिकारी राणा रंजीत चौधरी, उप वन परिसर पदाधिकारी इंद्रजीत कुमार,पप्पू कुमार, अमित कुमार,प्रेम कुमार,राजेश टुडू एवं अन्य वनकर्मी शामिल थे।

### शोध ज्ञान के साथ- साथ जीवन शैली में भी सुधार ला सकते हैं : डॉ. विनोद

**दुमका :** संताल परगना कॉलेज दुमका के मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष सह मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र के निदेशक डॉ. विनोद कुमार शर्मा महिला मगध महाविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय, पटना के मनोविज्ञान विभाग एवं नेशनल एकेडमी ऑफ साइकोलॉजी , इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में ' हेल्थ एंड वेल बिंगः चैलेंजेज एंड सॉल्यूशन इन चेंजिंग वर्ल्ड ' विषय पर आयोजित एक दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया। डॉ. विनोद कुमार शर्मा इस कांफ्रेंस में टेक्निकल सत्र में रिसोर्स पर्सन के तहत चेयरपर्सन के रूप में हिस्सा लिया । तकनीकि सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि कल्पनाओं और परिकल्पनाओं को यथार्थ बनाने का माध्यम है। शोध के द्वारा ज्ञान के खोज के साथ - साथ जीवन शैली और गुणवत्ता में आवश्यक सुधार ला सकते है। शोध के माध्यम से ही सर्वशक्ति संपन्न राष्ट्र और विश्वगुरू भी बन सकते है। इसलिए गुणात्मक शोध आवश्यक होता है। से इस तकनीकि सत्र में कुल 20 विद्यार्थियों ने मानसिक, रेसिलियंस, वूमेन हेल्थ, इमोशनल इंटेलीजेंस, इंजेक्ट ऑफ ऐल्कोहॉलिज्म ऑन रिकॉग्निशन एंड मेमोरी, सेल्फ स्टीम एंड एंग्जाइटी ऑफ एडोलसेंट, कम्यूनिटी मेंटल स्वास्थ्य आदि विषयों पर शोधार्थियों ने पेपर प्रस्तुत किए।

### एसकेएमयू के जर्नल को मिला आईएसएसएन नंबर

## फ्रंटियर्स इन एकेडमिक रिसर्च नामक बहुविषयक जर्नल प्रकशित करेगी विवि

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के जर्नल को आईएसएसएन नंबर मिल गया है। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय ने फ्रंटियर्स इन एकेडमिक रिसर्च नामक बहुविषयक जर्नल की शुरूआत की है। उक्त जर्नल का शुभारंभ नवंबर 2023 में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित रास्ट्रीय कांफ्रेंस से किया गया था। विदित हो कि इसके पूर्व भी 2016 में तत्कालीन कुलपति प्रो. कमर अहसन के कार्यकाल में विश्वविद्यालय स्तर पर जर्नल शुरू करने की पहल की गई थी और इसके कुछ अंक भी प्रकाशित हुए थे लेकिन आईएसएसएन नंबर के अभाव में वह जर्नल बंद हो गया था। अब पहली बार विश्वविद्यालय को अपने जर्नल के लिए आईएसएसएन नंबर मिला है जिसका पहला अंक बहुत जल्द प्रकाशित होने वाला है। यह जर्नल अर्धवार्षिक होने वाला है जो हर साल अप्रैल और सितंबर में प्रकाशित होगा। इस जर्नल में सभी विषयों के विद्वान अपने आलेख भेज सकते हैं। विश्वविद्यालय के इस जर्नल को आईएसएसएन नंबर दिलाने में स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार सिन्हा की भूमिका अहम रही। उनके लगातार प्रयास का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय के जर्नल को आईएसएसएन नंबर मिल पाया है। अब इस जर्नल में आलेख प्रकाशित होने से शोधार्थियों को पीएचडी के साथ-साथ असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति में मदद मिलेगी, वहीं शिक्षकों को प्रमोशन में मदद मिलेगी। विश्वविद्यालय के जर्नल को आईएसएसएन नंबर मिलने की जानकारी देते हुए संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है कि अब हमारा विश्वविद्यालय अर्धवार्षिक जर्नल भी प्रकाशित करेगा, जिसके लिए आईएसएसएन नंबर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय से निकलने वाला यह अर्धवार्षिक जर्नल इस क्षेत्र के आईने की तरह काम करेगा। इस जर्नल में इस क्षेत्र की समस्याओं पर शोध आलेख प्रकाशित होंगे, जिससे स्थानीय समस्याओं को उजागर करने के साथ-साथ उनका समाधान खोजने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का अपना जर्नल होने से उसे नैक में बेहतर ग्रेड प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब हम इस जर्नल को यूजीसी सूची में शामिल कराने की दिशा में काम करेंगे।

## हेमन्त सोरेन को जनता ने भरपूर प्यार दिया : सांसद

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** राजमहल लोकसभा सांसद बिजय कुमार हांसदा ने झारखंड में फिर से अबुआ सरकार बनने की शुभकामनाएं लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को बधाई दी है।उन्होंने कहा कि झारखंड को बिकास की मुख्य धारा से जोड़ते हुए और झारखंड की जल जंगल जमीन के लिए मजबूत होकर लड़ने वाले हेमन्त सोरेन को जनता ने भरपूर प्यार दिया है,इसके लिए झारखंड की जनता को दिल से धन्यवाद है और पुनः अबुआ सरकार पर भरोसा करने के लिए भी,झारखंड को झुकाने के लिए बड़ी बड़ी तागतो में सियासी दांवपेचों से यहाँ के खुशहाली और समृद्धि पर नजर डालने का तो प्रयास किया,परंतु झारखंड के मजबूत बेटा और शेर माने जाने वाले हेमन्त सोरेन ने इस बार के चुनावी जनादेश से मुहतोड़ जवाब दिया है।सांसद हांसदा ने नवनिर्वाचित विधायकों को भी बुके देकर शुभकामनाएं दी है,साथ नए मंत्रीमण्डल के विस्तारीकरण को लेकर भी बधाईयाँ दी है।



## हेल्पिंग हैंड्स के मासिक गंगा आरती के पश्चात सदस्यों ने दिया गंगा स्वच्छता और संवर्धन का संदेश

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप संस्था एक वर्षों से गंगा स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को नमामि गंगे घाट पर स्वच्छता अभियान चलती है। और उसके पश्चात उन्हीं सदस्यों हे कर कमलों से गंगा मां की भव्य आरती आयोजित करती है।इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में गंगा के पावन तट पर लोगों की आवा-जावी भी बढ़ती है जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।संस्था की ओर से अध्यक्ष अभिदिष्ष,प्रवक्ता कुमार दीपांशु,फोरम लीडर्स में अमन,लैला और स्वयंसेवकों में ऋषि अंकुश अभिनव विशुन, ज्योति,खुशी,रोहन,गौतम,सोनू, यश सुमित इशिका,अनुराग आदि उपस्थित रहे।



### तुबेद कोलियरी में उग्रवादियों की सक्रियता बढ़ी, लोगों की रोजी-रोटी पर आफत

लातेहारः इन दिनों डीवीसी की संचालित तुबेद कोलियरी के परिवहन को उग्रवादी एवं अपराधियों ने डिस्टर्ब कर दिया है. आपराधिक गतिविधियां इतनी बढ़ गई हैं कि एक पर एक घटनाएं हो रही हैं. पिछले शनिवार को तुबेद कोलियरी से कुशमाही रेलवे साइडिंग जा रही हाइवा को अपराधियों ने निशाना बनाया और ताबड़तोड़ फायरिंग की. इसमें चालक प्रकाश यादव की पेट में गोली लगी और गाड़ी में पांच गोलियां लगी. बावजूद पुलिस कप्तान इस घटना से इनकार करते रहे. उन्होंने कहा कि गोलीबारी की पुष्टि नहीं हो पा रही है. वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने कहा कि हाइवा दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुई है और पलट जाने से चालक को चोट लगी है. गोलीबारी जैसी घटना से स्पष्ट तौर पर रवानी ने इनकार किया है. रवानी के इंकार करने के बाद गोलीबारी में गाड़ी में हुई छेद की वीडियो वायरल हो रही है. इस वीडियो से पता चलता है कि पांच गोलियां हाइवा में घुसी थी. हालांकि सूत्रों की मानें तो पुलिस ने खोखा भी बरामद किया है. अगर यही स्थिति रही तो तुबेद कोलियरी का काम बंद हो सकता है. इससे न सिर्फ सरकार को भारी राजस्व की क्षति उठाना पड़ेगा वरन हजारों लोगों की रोजी-रोटी छीन जायेगी.

## 4 जिलों का वांटेड अपराधी गिरफ्तार, 31 कांडों का है अभियुक्त, देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रामगढ़:** पुलिस ने एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. रामगढ़, बोकारो और हजारीबाग के 31 कांडों के अपराधी को रामगढ़ पुलिस ने पिस्टल, जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. रामगढ़ एसपी अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची रोड, इफको कॉलोनी गेट के आस-पास एक व्यक्ति देसी कट्टा रखे हुए घूम रहा है तथा छिनतई, चोरी, मोटर साइकिल चोरी आदि आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के फिराक में है.

इस सूचना के बाद, एसआईटी ने छापेमारी अभियान चलाया. इसी दौरान पुलिस बल को देखकर एक संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा. पुलिस बल द्वारा उसे पकड़ लिया गया. उसका नाम महेंद्र ठाकुर है. पुलिस ने गिरफ्तार करने के जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक लोहे का देसी कट्टा, जिसमें एक जिंदा कारतूस लोड था बरामद किया.



बरामद देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के संबंध में जब महेंद्र ठाकुर से सख्ती से पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि अवैध देसी कट्टा एवं कारतूस को बंगाल से खरीदा था. जिसकी मदद से बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, धनबाद आदि क्षेत्रों में अपने सहयोगियों के साथ छिनतई, चोरी, मोटर साइकिल चोरी आदि आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका है.

एसपी अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि पकड़ाया गया अभियुक्त महेंद्र काफी कुख्यात है. बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, धनबाद आदि क्षेत्रों में अपने सहयोगियों के साथ छिनतई, चोरी, मोटर साइकिल चोरी आदि आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका है. पिछले 08 दिनों से रामगढ़ क्षेत्र में आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए रेकी कर रहा था.

# मोहिनी डे की वजह से

## ➤ अलग हुईं एआर रहमान और सायरा बानो की राहें



आर रहमान के साथ ही उनकी टीम की सदस्य मोहिनी डे ने भी अपने पति से अलगाव का एलान कर दिया। इसने नेटिजन्स की भौहें खड़ी कर दीं। लोग मानने लगे कि मोहिनी की वजह से ही संगीतकार ने सायरा बानो से तलाक लिया है। हालांकि, अब खुद मोहिनी ने इन अफवाहों को संबोधित किया है।

एआर रहमान और उनकी बैंड मेंबर मोहिनी डे ने एक ही दिन अपने-अपने पार्टनर से अलगाव का एलान कर हर किसी को हैरान कर दिया। एआर रहमान और उनकी पत्नी सायरा बानो ने 19 नवंबर को अपनी 29 साल की शादी को खत्म करने का एलान किया। इसके कुछ ही देर बाद मोहिनी डे ने पति से तलाक लेने की घोषणा की। एक ही वक्त पर रहमान और उनकी बैंड मेंबर के अपने-अपने पार्टनर से अलगाव की खबर ने नेटिजन्स की भौहें खड़ी कर दीं। सोशल मीडिया पर अफवाहें उड़ीं कि रहमान और बानो के बीच मोहिनी की एंट्री हुई, जिसकी वजह से दोनों ने अपने रिश्ते को खत्म कर दिया। अब इन अटकलों पर खुद मोहिनी ने चुप्पी तोड़ी है और मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया देती नजर आई हैं।

### मोहिनी डे ने तोड़ी चुप्पी

मोहिनी डे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर स्पष्ट किया कि उनसे इंटरव्यू के लिए संपर्क किया गया है, लेकिन उन्हें कई बार स्पष्टीकरण देने में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने लिखा, मुझे इंटरव्यू के लिए बड़ी संख्या में अनुरोध मिल रहे हैं और मुझे पता है कि यह वास्तव में क्या है।

### मेरी निजता का सम्मान करें- मोहिनी

मोहिनी डे ने अपनी बात में आगे जोड़ा, इसलिए मुझे सम्मानपूर्वक प्रत्येक को अस्वीकार करना होगा क्योंकि मुझे ऐसी अफवाहों में ईंधन भरने में कोई दिलचस्पी नहीं है। मुझे विश्वास है कि मेरी ऊर्जा है अफवाहों पर खर्च करना उचित नहीं है। कृपया मेरी निजता का सम्मान करें।

### एआर रहमान ने बेटे ने दी अफवाहों पर प्रतिक्रिया

इससे पहले एआर रहमान के बेटे एआर अमीन ने अपने माता-पिता के तलाक की अफवाहों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। अपने इंस्टाग्राम पर अमीन ने लिखा, मेरे पिता एक लेजेंड हैं, ऐसा न सिर्फ उनके अद्वितीय योगदानों वजह से है, बल्कि उनके कई वर्षों में अर्जित किए गए सम्मान और प्रेम के कारण भी। मुझे यह देखकर दुख होता है कि झूठी और आधारहीन अफवाहें फैल रही हैं। हमें यह याद रखना चाहिए कि जब हम किसी के जीवन और धरोहर के बारे में बात करें तो सत्य और सम्मान की अहमियत को समझें। कृपया ऐसी भ्रामक जानकारी फैलाने से बचें।

### अलग हुई मोहिनी डे-मार्क हार्टसच की राहें

मोहिनी डे और मार्क हार्टसच ने अपनी संयुक्त पोस्ट में अलगाव की घोषणा करते हुए लिखा, भारी मन से, मार्क और मैं घोषणा करते हैं कि हम अलग हो गए हैं। सबसे पहले, अपने दोस्तों और परिवार के प्रति प्रतिबद्धता के रूप में, हमने ये फैसला आपसी सहमति से लिया है। हमारे बीच एक आपसी समझ है। हालांकि, हम अच्छे दोस्त बने हुए हैं।

हम जीवन से अलग-अलग चीजें चाहते हैं। आपसी सहमति से अलगाव आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका था। हम अभी भी कई परियोजनाओं पर एक साथ काम करेंगे, जिनमें मामोगी और मोहिनी डे समूह भी शामिल हैं। हमें हमेशा एक साथ अच्छा काम करने पर गर्व है और यह जल्द ही बंद नहीं होगा। सबसे बड़ी चीज जो हम कामना करना चाहते हैं वह है प्यार दुनिया में हर किसी के लिए।



# तमन्ना भाटिया ने सिकंदर का मुकद्दर को आम लोगों की रोमांचक कहानी बताया

**पैन-इंडिया** स्टार तमन्ना भाटिया अपनी आगामी डकैती ड्रामा फिल्म सिकंदर का मुकद्दर के प्रमोशन में व्यस्त हैं। हाल ही में वह अपने सह-कलाकार अविनाश तिवारी के साथ एक प्रमुख रेडियो स्टेशन पर फिल्म का प्रचार करने पहुंचीं। प्रशंसकों ने उनके वायरल ट्रैक आज की रात पर एक जीवंत फ्लैशमॉब के साथ उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया, जिससे तमन्ना खुश और आश्चर्यचकित हो गईं। इस पल को इंजॉय करते हुए, वह भी शामिल हो गई और उनके साथ झूमने लगी।

फूलों और मालाओं से स्वागत करते हुए, तमन्ना की प्रशंसकों के साथ बातचीत ने एक ऊर्जावान प्रचार कार्यक्रम के लिए माहौल तैयार कर दिया। अपने किरदारों और संगीत के बीच संबंधों पर विचार करते हुए, तमन्ना ने साझा किया, मुझे लगता है कि जब एक अभिनेता किसी किरदार के माध्यम से एक गीत प्रस्तुत करता है, तो यह उसमें एक अनोखा स्वाद लाता है। मेरा करियर काफी हद तक संगीत पर आधारित रहा है, जिसमें कई दक्षिण के गाने शामिल हैं। दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ा हुआ हूं। यहां तक कि सिकंदर का मुकद्दर में, जहां मैं एक आम लड़की का किरदार निभाती हूं, कहानी एक रोमांचक प्रारूप में बदल जाती है और मुझे लगता है कि लोग इसका आनंद लेंगे। निर्माताओं ने हाल ही में मधुर ट्रैक ठहरे रहें जारी किया है, जिसमें तमन्ना और अविनाश की ताज़ा केमिस्ट्री दिखाई गई है, जिससे फिल्म के लिए उत्साह बढ़ गया है।

नीरज पांडे द्वारा निर्देशित, सिकंदर का मुकद्दर 60 करोड़ के हीरे की डकैती और अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए लड़ने वाले संदिग्धों की मनोरंजक कहानी है। इसमें तमन्ना को कामिनी सिंह, अविनाश को सिकंदर शर्मा और जिमी शेरगिल को पुलिसकर्मी जसविंदर सिंह के रूप में दिखाया गया है। जो 29 नवंबर, 2024 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग होगी। यह फिल्म थ्रिलर बेहतरीन मनोरंजन का वादा करती है। तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपने बहुप्रतीक्षित तेलुगु प्रोजेक्ट, ओडेला 2 की शूटिंग पूरी की है, और अपने अगले प्रोजेक्ट, करण जौहर की डेयरिंग पार्टनर्स के लिए तैयारी कर रही हैं।

# पर्दे पर बड़ा धमाल करने की तैयारी में एटली-सलमान

## फिल्म को लेकर आई ये दिलचस्प जानकारी



**साल 2023 में शाहरुख खान के साथ अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान देने के बाद निर्देशक एटली अब सलमान खान के साथ अपनी छठी फिल्म की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। इस खबर ने फैंस के बीच हलचल मचा दी है।**



रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में दो-हीरो वाली कहानी देखने को मिल सकती है, जिसमें एटली सलमान खान के साथ कमल हासन या रजनीकांत को मुख्य भूमिका में कास्ट करने की योजना बना रहे हैं। अगर यह कास्टिंग होती है तो हाल के समय की कई यह अब तक की सबसे बड़ा कास्टिंग में से एक होगी।

### पुनर्जन्म पर आधारित होगी फिल्म

पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार एटली की अगली फिल्म एक बड़े बजट की पुनर्जन्म पर आधारित एक्शन ड्रामा होगी, जिसमें सलमान खान एक बिलकुल नए अवतार में नजर आएंगे। फिल्म में दो युगों- अतीत और वर्तमान की कहानी दिखाई जाएगी, जिसमें दर्शकों को कई शानदार सीन देखने को मिलेंगे। सलमान खान इस फिल्म में एक योद्धा के रूप में अतीत के युग में दिखाई देंगे, जबकि वर्तमान युग की कहानी अभी तक पूरी तरह से गुप्त रखा गया है। इस फिल्म के सभी पात्र दोनों समय रेखाओं में जुड़े होंगे।

### कब से शुरू होगी शूटिंग

इस रिपोर्ट के अनुसार यह इस फिल्म का प्रोडक्शन साल 2025 की गर्मियों में शुरू होगा, क्योंकि एटली को स्क्रिप्ट को अंतिम रूप देने और प्री-प्रोडक्शन शुरू करने के लिए समय की आवश्यकता है। इस फिल्म में दर्शकों को एक्शन, ड्रामा, थ्रिल और इमोशन का भरपूर मिश्रण देखने को मिलेगा। दावा किया जा रहा है कि एटली ने इस साल के अंत तक पूरी कास्ट को फाइनल करने की योजना बनाई है।



# बॉलीवुड इंडस्ट्री के लिए मनोज वाजपेयी ने दी जरूरी सलाह

मनोज वाजपेयी एक गंभीर किस्म के कलाकार हैं। वह अकसर ही बॉलीवुड में बदलाव को लेकर बात करते हैं। हाल ही में भी उन्हें एक जरूरी सलाह बॉलीवुड वालों को दी। क्या कहा मनोज वाजपेयी ने जानिए।

मनोज वाजपेयी एक फिल्म डिस्पैच को लेकर चर्चा में है। इस फिल्म में वह एक खोजी पत्रकार के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म का टिजर कुछ समय पहले ही रिलीज हुआ है। इसमें मनोज का किरदार बहुत ही उलझा हुआ सा नजर आता है। वह खुद को रिलेवेंट बनाए रखने की कोशिश में लगा हुआ है। इस फिल्म में उनके साथ अर्चिता अग्रवाल भी है। उनके अभिनय से मनोज काफी प्रभावित हैं। हाल ही में उन्होंने नए कलाकारों को लेकर एक बयान दिया। इसमें बॉलीवुड के लिए जरूरी बातें भी कहीं।

**नए लोगों को अवसर मिलना चाहिए**

हाल ही में एक इंटरव्यू में मनोज वाजपेयी ने कहा कि वह चाहते हैं कि बॉलीवुड में नए लोगों को अवसर मिलें। मनोज का कहना है कि किसी भी अच्छी इंडस्ट्री की पहचान होती है कि वहां हर तरह की फिल्में बनें, हर तरह के लोगों को मौका मिले। उनका मानना है कि जब नए कलाकार और लोग फिल्मों का हिस्सा बनते हैं तो वह एक नई ऊर्जा उसमें डालते हैं। इससे फिल्में और बेहतर बनती हैं।

**दर्शकों को अच्छी फिल्में दिखाना है मकसद**

मनोज आगे कहते हैं कि आखिर में हम सभी का एक ही मकसद है कि ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक अच्छी फिल्में पहुंचे। वह यह भी कहते हैं कि जब दर्शक अलग-अलग तरह की फिल्में देखता है तो इससे फिल्म इंडस्ट्री को ही फायदा होता है। हमें अच्छी और अलग किस्म की फिल्में बनाने की प्रेरणा मिलती है। इससे और ज्यादा लोगों को फिल्म इंडस्ट्री में काम मिलता है। इससे रचनात्मक काम भी लगातार होता रहता है।

**निर्देशकों को लेकर भी कही अहम बात**

इस इंटरव्यू में मनोज अपनी फिल्म डिस्पैच की सह-कलाकार अर्चिता अग्रवाल की भी काफी तारीफ करते हैं। वह बताते हैं कि शायद यह उनकी पहली फिल्म है लेकिन उन्होंने बहुत शानदार काम किया। इस बात का श्रेय निर्देशक को जाता है, जिन्होंने नए लोगों को मौका दिया। वह यह भी कहते हैं कि जब नए कलाकार बेहतरीन अभिनय करते हैं तो हमें भी खुशी होती है।

# विनीत कुमार सिंह की सुपरबॉयज़ ऑफ मालेगांव को फिल्म फेस्टिवल में रेड सी प्रतियोगिता के लिए चुना गया

विनीत कुमार सिंह प्रभावशाली भूमिका में हैं और लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। 49वें टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) में सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव का प्रीमियर होने और दो मिनट तक स्टैंडिंग ओवेशन लेने के बाद, फिल्म को अब प्रतिष्ठित रेड सी फिल्म फेस्टिवल की 2024 प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा के लिए चुना गया है। सऊदी अरब के जेद्दा में 5 से 14 दिसंबर तक होने वाले इस महोत्सव में सुपरबॉयज़ ऑफ मालेगांव को रेड सी प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने वाली 16 फिल्मों में से एक के रूप में दिखाया जाएगा, जो अरब के क्षेत्रीय, एशिया और अफ़्रीका के फिल्म निर्माण में सर्वश्रेष्ठ का जश्न मनाएगा।



फिल्म की मान्यता पर अपना उत्साह और गर्व व्यक्त करते हुए, सिंह ने साझा किया, इस तरह के प्रतिष्ठित मंचों पर फिल्म को मान्यता मिलते देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। पहले टीआईएफएफ, फिर बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल और अब रेड सी फिल्म फेस्टिवल। सुपरबॉयज़ ऑफ मालेगांव मेरे लिए एक अविश्वसनीय रूप से संतुष्टिदायक अनुभव था, और यह मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है। मैं दर्शकों को जल्द ही इसका अनुभव लेने और उनकी प्रतिक्रिया का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

महाराष्ट्र के मालेगांव में स्थापित, सुपरबॉयज़ ऑफ मालेगांव एक फिल्म निर्माता नासिर शेख की कहानी है जो सिनेमा के माध्यम से पलायन की तलाश में है। रीमा कागती द्वारा निर्देशित, फिल्म में विनीत कुमार सिंह, आदर्श गौरव और शशांक अरोड़ा हैं और यह फिल्म एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है।

अपनी गहन और बहुमुखी भूमिकाओं के लिए जाने जाने वाले, विनीत कुमार सिंह सुपरबॉयज़ ऑफ मालेगांव में एक चंचल, हल्के-फुल्के किरदार से दर्शकों को आश्चर्यचकित करेंगे। पहले जारी किए गए फिल्म के ट्रेलर ने उनके एक नए किरदार के बारे बताता है, जिससे प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ गया।

वर्तमान में, विनीत कुमार सिंह अपनी फिल्म मैच फिक्सिंग की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं और बहुभाषी अखिल भारतीय फिल्म जाट में अभिनय करने के लिए भी तैयार हैं, जहां वह सनी देओल के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। उनके पास रंगीन सहित कई और रोमांचक परियोजनाएँ हैं, जो उद्योग में सबसे बहुमुखी अभिनेताओं में से एक के रूप में उनकी स्थिति को और मजबूत करती हैं।



## पिता के निधन से टूटीं बंगाली अभिनेत्री

बंगाली अभिनेत्री मुनमुन सेन के पति और राइमा और रिया सेन के पिता भारत देब बर्मन का कोलकाता स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। 19 नवंबर को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन के बाद उनकी बेटी अभिनेत्री राइमा सेन ने सोशल मीडिया पर पिता के साथ तस्वीर साझा की और शोक जताया। अभिनेत्री राइमा सेन ने सोशल मीडिया पर एक भावनात्मक पोस्ट लिखा और शोक व्यक्त किया।

राइमा ने अपने दिवंगत पिता भारत के साथ बचपन की तस्वीरें साझा कीं और लिखा, डैडी अभी कुछ भी नहीं लिख सकती। आप कितने महान पिता और पति रहे हैं, इसके लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। तब तक डैड आप जहां भी रहें खुश रहें और हमेशा की तरह शानदार जीवन जिएं, हमेशा आपकी याद आएगी और आपसे प्यार करती हूं।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में इंग्लैंड के लिए पदार्पण करेंगे जैकब बेथेल

**लंदन :** जैकब बेथेल गुरुवार को हेगले ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में नंबर 3 पर इंग्लैंड के लिए अपना टेस्ट डेब्यू करेंगे, हालांकि उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कभी भी यह भूमिका नहीं निभाई है। जॉर्डन कॉक्स के अंगूठे में चोट लगने के बाद बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल किया गया है, जो पहले जेमी स्मिथ के पितृत्व अवकाश पर दौरे से बाहर होने के कारण डेब्यू करने वाले थे, वारविकशायर के मध्य क्रम के बल्लेबाज ओली पोप को विकेटकीपिंग करने की अनुमति देने के लिए पहले ड्रॉप पर आएंगे। जो रूट अपने 150वें मैच में नंबर 4 पर बने रहेंगे। बेथेल को इस तरह



की जिम्मेदारी के पद पर चुना जाना चयनकर्ताओं द्वारा उनकी प्रतिभा के प्रति सम्मान को दर्शाता है। उन्होंने घरेलू गर्मियों के अंत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना टी20 और ओडीआई डेब्यू किया, और उस सफेद गेंद के दौरे पर दोनों प्रारूपों में तीन अर्धशतक लगाकर कैरेबियाई टीम को प्रभावित किया। इसके बाद उन्होंने सोमवार कोआईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने साथ 2.6 करोड़ रुपये के सौदे के साथ अपने साथ जोड़ा।। बेथेल वेस्टइंडीज सीरीज के बाद घर पर छुट्टी लेकर रविवार को ही न्यूजीलैंड पहुंचे। नतीजतन, उन्होंने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच में कोई भूमिका नहीं निभाई। पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग एकादशः जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक, ओली पोप (विकेट कीपर), बेन स्टोक्स (कप्तान), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्से, शोएब बशीर।

## वैभव बने आईपीएल इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी, 13 साल में हुआ पदार्पण

**नई दिल्ली :** आईपीएल 2025 की नीलामी प्रक्रिया में दूसरे दिन 13 साल के वैभव सूर्यवंशी नाम का सितारा अचानक सबके सामने आ गया। जिसे राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपये में खरीदा। इस खिलाड़ी का बेस प्राइस 30 लाख रुपये था और वह अपने बेस प्राइस से लगभग चार गुना ज्यादा दाम पर राजस्थान टीम के साथ जुड़ा। इसी के साथ वो आईपीएल नीलामी इतिहास में बिकने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गया। बिहार के वैभव ने सिर्फ 13 साल और 242 दिनों की उम्र में आईपीएल नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के रूप में इतिहास रच दिया था। उन्हें अब टीम भी मिल गई है। आईपीएल नीलामी में कीर्तिमान बनाने से पहले वैभव घरेलू क्रिकेट में भी चर्चे में रह चुके हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने बहुत कम उम्र में बल्ले का जौहर दिखाया है। जनवरी 2024 में बिहार के लिए प्रथम श्रेणी में डेब्यू करते हुए वैभव सूर्यवंशी ने सितंबर में भारत व19 बनाम ऑस्ट्रेलिया व19 यूथ टेस्ट सीरीज में 58 गेंदों में शतक जड़कर सबका ध्यान खींचा था। वैभव आगामी अंडर-19 एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए भी तैयार हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीमों के बीच खेले गए दो मैचों की अनाधिकारिक टेस्ट सीरीज में बिहार के इस लाल ने 58 गेंदों में शतक जड़ा था।

# नॉटिंघमशायर ने 2025 विटालिटी टी-20 के लिए डेनियल सैम्स के साथ किया करार

**लंदन :** नॉटिंघमशायर ने अगले साल होने वाले विटालिटी टी-20 ब्लास्ट के लिए आस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर डेनियल सैम्स के साथ अनुबंध किया है। सैम्स ने पिछले तीन सीजन में एसेक्स का प्रतिनिधित्व किया, उन्होंने ट्रेंट रॉकेट्स के लिए हंड्रेड में भी खेला है, 2022 में विजेता का पदक जीता। नॉटिंघमशायर के मुख्य कोच पीटर मूर्स ने क्लब के हवाले से कहा, ₹हमारे लिए एक अनुभवी विदेशी खिलाड़ी को लाना प्राथमिकता थी, जो बल्ले और गेंद से योगदान दे सके। डैन इस संबंध में एकदम सही खिलाड़ी है - उसके पास एक अनूठा कौशल है जो हमारे पास पहले से ही हमारी टीम में है, और वह कप्तान के रूप में जो क्लार्क के लिए एक बड़ा समर्थन होगा। नॉटिंघमशायर ने 2020 में अपना दूसरा ब्लास्ट खिताब जीता, लेकिन तब से क्वार्टर फाइनल चरण से आगे नहीं बढ़ पाया और 2024 में नॉर्थ ग्रुप में सबसे निचले स्थान पर रहा। करार पर सैम्स ने कहा, मैंने हंड्रेड के लिए ट्रेंट ब्रिज में अपने समय का वास्तव में आनंद लिया, इसलिए यह वास्तव में अच्छा है कि मैं नॉट्स के साथ ब्लास्ट के लिए वापस आऊंगा।



# छत्तीसगढ़ के भनवारटंक रेलवे स्टेशन के पास कोयले से लदी मालगाड़ी पटरी से उतरी, कई ट्रेनों के मार्ग किए गए परिवर्तित

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में मंगलवार को कोयला से लदी हुई मालगाड़ी भनवारटंक रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतरकर पलट गई। इस हादसे में इंजन समेत 23 डब्बे पटरी से उतरकर पलटे और उनमें भरा कोयला रेलवे ट्रैक पर फैल गया। बताया गया है कि यह मालगाड़ी बिलासपुर की ओर जा रही थी, तभी यह हादसा हो गया। इस हादसे के चलते यातायात प्रभावित हुआ है। इसके कारण कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है जबकि कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार आज सुबह बिलासपुर से आ रही कोयले से लदी मालगाड़ी के 23 डिब्बे इंजन समेत भनवारटंक रेलवे स्टेशन के पास मरही माता मंदिर सिग्नल के पास घने जंगल के बीच तेज आवाज के साथ



डिरेल होकर पलट गए। जिनमें भरा कोयला रेलवे ट्रैक पर बिखर गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे की आवाज सुनकर वे लोग मौके पर पहुंचे। इस दौरान मालगाड़ी के डिब्बे पटरी और आसपास पलटे पड़े थे। हादसा कैसे हुआ है, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। इस हादसे की सूचना मिलते ही रेल अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और राहत कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस हादसे के चलते रेलवे यातायात प्रभावित हुआ है। इसे ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

इस घटना के चलते बिलासपुर-पेंड्रारोड-कटनी रेलवे मार्ग की सभी ट्रेनें रोक दी गई हैं। कई ट्रेनों का मार्ग बदला गया है। पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन में शहडोल-बिलासपुर मेमू हादसे के बाद खड़ी हो गई है। सूचना मिलते ही रेलवे अमला मौके पर पहुंचकर ट्रैक को क्लियर करने में जुट गया है। दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के अनुसार गाड़ी संख्या 18258 चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस और बिलासपुर- चिरमिरी एक्सप्रेस को रद्द किया गया है। इसके अलावा 26 नवंबर 2024 को गाड़ी संख्या 18242 अम्बिकापुर-दुर्ग और दुर्ग-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। वहीं 08739 शहडोल-बिलासपुर मेमू को आज 26 नवंबर 2024 को पेंड्रारोड स्टेशन में और कटनी-बिलासपुर मेमू को शहडोल स्टेशन में समाप्त किया गया है।

इन गाड़ियों के मार्ग में किया गया है परिवर्तन- गाड़ी संख्या 18477 पुरी-योग नगरी ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस आज 26 नवंबर को परिवर्तित मार्ग वाया बिलासपुर-गोंदिया-जबलपुर-कटनी मुड़वारा होकर योग नगरी ऋषिकेश जायेगी। गाड़ी संख्या 12549 दुर्ग-मेजर कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेस आज 26 नवंबर को परिवर्तित मार्ग वाया दुर्ग-गोंदिया-जबलपुर होकर मेजर कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर जायेगी।

गाड़ी संख्या 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस आज दिनाँक 26 नवंबर को परिवर्तित मार्ग वाया जबलपुर-गोंदिया होकर दुर्ग आएगी। गाड़ी संख्या 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस आज 26 नवंबर को परिवर्तित मार्ग वाया गोंदिया-जबलपुर होकर भोपाल जायेगी। गाड़ी संख्या 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस आज 26 नवंबर को परिवर्तित मार्ग वाया जबलपुर-गोंदिया होकर दुर्ग आएगी। गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस आज 26 नवंबर को परिवर्तित मार्ग वाया गोंदिया-जबलपुर होकर भोपाल जायेगी। गाड़ी संख्या 20807 विशाखापटनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस आज 26 नवंबर को परिवर्तित मार्ग वाया गोंदिया-जबलपुर-कटनी मुड़वारा होकर अमृतसर जायेगी। आज 26 नवंबर को योग नगरी ऋषिकेश से रवाना हुई गाड़ी संख्या 18478 योग नगरी ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया झांसी-भोपाल-इटारसी-नागपुर-दुर्ग-बिलासपुर होकर पुरी जायेगी। इसी तरह आज 26 नवंबर को निजामुद्दीन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12824 निजामुद्दीन-दुर्ग संपर्क क्रांति एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया झांसी-भोपाल-इटारसी-नागपुर-दुर्ग होकर बिलासपुर आएगी।

# डेनमार्क राजदूत फ्रेडी स्वेन ने स्वतंत्रदेव सिंह से की भेंट जल जीवन मिशन के कार्यो की जमकर की सराहना

एजेंसी

**लखनऊ :** भारत में डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वेन ने अपने विदाई कार्यक्रम से पहले मंगलवार को उत्तर प्रदेश में पुराने परिचितों से भेंट मुलाकात की। राजदूत फ्रेडी स्वेन ने उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह से शिष्टाचार भेंट करते हुए जल जीवन मिशन के कार्यो की जमकर सराहना की। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वेन को स्मृति चिन्ह भेंट स्वरूप देकर उनका अभिवादन किया। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने डेनमार्क के राजदूत से हुई चर्चा के संबंध में हिन्दुस्थान समाचार से बताया कि आज सुबह मेरे सरकारी आवास पर डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वेन पधारें और उनसे तमाम बिन्दुओं पर चर्चा हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश सहित देश में जल जीवन मिशन के कार्यो की चर्चा के दौरान उन्होंने जमकर सराहना किया। मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बताया कि मैंने राजदूत फ्रेडी स्वेन से महानगरों में बह रही ?नदियों की चर्चा की। जिसमें



दिल्ली में यमुना और लखनऊ में गोमती नदियों के जल के दूषित होने पर फ्रेडी स्वेन से सुझाव मांगा। जिस पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में आपको वाट्सअप पर एक रिपोर्ट दूंगा। जिससे नदियों के जल को दूषित होने से बचाया जा सकेगा। जलशक्ति मंत्री ने बताया कि राजदूत फ्रेडी स्वेन ने मुझसे चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कहा कि आज भारत से डेनमार्क के अच्छे संबंध है। डेनमार्क सहित विश्व के सभी देशों के विकसित होने में भारत अच्छा संबंध निभाता है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वतंत्रदेव सिंह ने बताया कि राजदूत फ्रेडी स्वेन ने जाते जाते वक्त तक कहा, एक - एक घर तक पानी पहुंचना चुनौती पूर्ण कार्य है। आप लोग जो घर तक पानी पहुंचा रहे हैं, ये बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। देश और उत्तर प्रदेश की विकास योजनाएं लोगों को ध्यान में रखकर बनायी जा रही हैं।

# महाराष्ट्र : एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी

**मुंबई :** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिले और मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया है। राज्यपाल ने एकनाथ शिंदे को नया मुख्यमंत्री बनने तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में काम करने को कहा है। राज्यपाल जल्द ही राज्य की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी को सरकार बनाने का न्योता देंगे। राज्य में 14वीं विधानसभा वर्ष 2019 में गठित हुई थी। 14वीं विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर अर्थात आज समाप्त हो रहा है। इसी वजह से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ,उपमुख्यमंत्री अजीत पवार आज दिन में 11 बजे मुंबई में राजभवन में पहुंचे थे और एकनाथ शिंदे ने अपना इस्तीफा राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को सौंप दिया। इससे मुख्यमंत्री के इस्तीफे के बाद 14वीं सरकार का मंत्रिमंडल अपने आप बर्खास्त हो गया है। राज्यपाल ने एकनाथ शिंदे को कार्यवाहक



मुख्यमंत्री का अधिकार पत्र भी सौंप दिया है। शिंदे समूह की शिवसेना के प्रवक्ता दीपक केसरकर ने बताया कि आज मुख्यमंत्री सीएम एकनाथ शिंदे ने अपने पद का इस्तीफा दे दिया है। यह संवैधानिक प्रावधानों के तहत किया गया है। बहुत जल्द एनडीए गठबंधन के सहयोगी दलों के नेताओं की बैठक होगी और नया मुख्यमंत्री तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद को लेकर एनडीए गठबंधन में कोई नाराजगी नहीं है। उल्लेखनीय है कि राज्य में 15वीं विधानसभा के लिए चुनाव 20 नवंबर को मतगणना 23 नवंबर को संपन्न हुई। इस चुनाव में एनडीए गठबंधन को महाराष्ट्र की कुल 288 सीटों में से 232 सीटें मिली हैं। इनमें भाजपा को 132 , शिवसेना शिंदे समूह को 57 और राकांपा अजीत पवार को 41 सीटें मिलीं हैं। जबकि महाविकास आघाड़ी को कुल 48 सीटें मिलीं है। इनमें शिवसेना यूबीटी को 20, कांग्रेस को 16 , राकांपा शरद पवार समूह को 10 और समाजवादी पार्टी को 2 सीटें मिलीं है। राज्यपाल प्रथा और परंपरा के अनुसार सबसे बड़े दल भाजपा को सरकार बनाने का न्योता दे सकते हैं।

# बंगाल में गिरा तापमान, सप्ताहांत में तटीय इलाकों में हल्की बारिश की संभावना



एजेंसी

**कोलकात :** बंगाल के तापमान में और गिरावट दर्ज की गई है। अलीपुर मौसम विभाग ने सप्ताहांत में राज्य के तटीय जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। वहीं, उत्तर बंगाल के कुछ हिस्सों में भी हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर पश्चिम भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है, जिसके शुक्रवार तक बंगाल पहुंचने की संभावना है। इसके प्रभाव से उत्तर बंगाल के ऊपर एक चक्रवातीय परिसंचरण बना है। इसके साथ ही, दक्षिण बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव क्षेत्र अब गहरे निम्न दबाव में बदल चुका है। यह प्रणाली पुदुचेरी से 860 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व और चेन्नई तट से 940 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित है। आगामी 12 घंटों में इसके और अधिक मजबूत होने और अत्यंत गहरे निम्न दबाव में बदलने की संभावना है। हालांकि, इसके चक्रवात में बदलने की पुष्टि फिलहाल नहीं की गई है। निम्न दबाव का रुख फिलहाल उत्तर-पश्चिम की ओर है, जिससे श्रीलंका और तमिलनाडु के तटीय इलाकों पर इसका असर पड़ सकता है। बंगाल के तटीय क्षेत्रों पर इसका सीधा प्रभाव नहीं पड़ेगा, लेकिन इसके कारण सप्ताहांत में दक्षिण 24 परगना और पूर्व मेदिनीपुर जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, अन्य क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के समुद्री क्षेत्रों में मछुआरों को गहरे समुद्र में जाने से रोका गया है। श्रीलंका और तमिलनाडु के तटों पर भी मछली पकड़ने पर रोक लगाई गई है। दक्षिण बंगाल के अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान में खास बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि, पश्चिम बर्दवान, पुरुलिया और बीरभूम में सुबह के समय हल्का कोहरा छा सकता है। दक्षिण 24 परगना में शुक्रवार से हल्की बारिश की संभावना है, जो शनिवार और रविवार तक जारी रह सकती है। उत्तर बंगाल में भी न्यूनतम तापमान में गिरावट नहीं होगी। दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, उत्तर दिनाजपुर और मालदा में सुबह के समय हल्का कोहरा रहने की संभावना है, लेकिन घने कोहरे का अलर्ट नहीं है। मंगलवार को दार्जिलिंग में हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है।कोलकाता में ठंड का असर बढ़ रहा है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.1 डिग्री कम है। दमदम में यह तापमान 16.2 डिग्री और पुरुलिया में 11.5 डिग्री तक गिर गया।

# जम्मू रेलवे स्टेशन पर लगाये गए 3 नए एटीवीएम मशीन

एजेंसी

**जम्मू :** जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर रेलयात्रियों को अनारक्षित टिकट लेने की सुविधा हेतु 3 नए एटीवीएम मशीन लगाए गए। एटीवीएम मशीन से अनारक्षित टिकट खरीदना बहुत ही आसान और सुगम है। रेलयात्री को रेलवे काउंटर से अनारक्षित टिकट खरीदने के लिए लाइनों में नहीं लगना पड़ेगा और छुट्टे पैसों की समस्या का भी सामना नहीं करना पड़ेगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि अनारक्षित टिकट खरीदने हेतु रेलयात्री एटीवीएम सहायक से संपर्क करें अथवा अपना स्मार्ट कार्ड बुकिंग काउंटर से बनाए अथवा क्यूआर कोड स्कैन करके भी सरल तरीके से डिजिटल भुगतान कर अपनी यात्रा टिकट ले सकते है। एटीवीएम से टिकट खरीदने के लिए सबसे पहले यात्री को जिस स्टेशन की टिकट खरीदनी है, उस स्टेशन को मैप या उसका नाम लिखकर भी चुन सकते हैं। स्टेशन चुनने के बाद यात्री को ट्रेन के जिस क्लास में सफर करना है, उस क्लास को चुनना होगा। इसके बाद टिकट का किराया भुगतान करना होगा। इसके बाद मशीन से प्रिंटेड टिकट निकलकर बाहर आ जाएगी। इस मशीन के द्वारा यात्री मासिक सीजन टिकट का नवीनीकरण तथा प्लेटफार्म टिकट भी ले सकते है।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशियाई बाजारों में भी मिला-जुला कारोबार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान तेजी बनी रही। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज मामूली गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। वहीं एशियाई बाजार में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिका में कंज्यूमर कॉन्फिडेंस के आंकड़े आज जाने वाले हैं। इसी तरह नए घरों की बिक्री के आंकड़े भी आज जारी होने वाले हैं। इन दोनों आंकड़ों में बढ़ोतरी होने की संभावना के कारण पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में तेजी का रुख बना रहा। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,987.29 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,054.89 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत




किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 44,721.81 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार मजबूती बनी रही। एसपीएसएस इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,291.68 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.03 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ 7,257.47 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.43 प्रतिशत उछल कर 19,405.20 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। हैंग सेंग इंडेक्स 99.39 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,250.38 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,446.12 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.43 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,277.82 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,291.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.26 प्रतिशत टूट कर 3,721.67 अंक के स्तर तक गिर गया है। निक्केई इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट आई है। फिलहाल ये सूचकांक 555.75 अंक यानी 1.43 प्रतिशत फिसल कर 38,224.39 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा ताईवान वेटेड इंडेक्स 189.80 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,758.57 अंक के स्तर पर, कोस्पी इंडेक्स 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,517.66 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.26 प्रतिशत लुढ़क कर 7,295.03 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### कोलकाता में ईडी का चिटफंड घोटाले की जांच के सिलसिले में छापा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित चिटफंड घोटाले की जांच को आगे बढ़ाते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज सुबह कोलकाता और आसपास के इलाकों में कई जगह छापा मारा है। यह कार्रवाई फर्जी निवेश कंपनी 'प्रयाग' से जुड़े वित्तीय घोटाले की जांच के तहत की जा रही है। ईडी की चार टीमें कंपनी निदेशक के घर और कार्यालयों की तलाशी ले रही हैं। यह कार्रवाई दक्षिण कोलकाता और उसके आसपास के क्षेत्र में चल रही है। यह छानबीन सात साल पुराने मामले से जुड़ी है, जिसमें प्रयाग चिटफंड कंपनी के मालिक और उनके बेटे को वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। ईडी की टीमें सुबह प्रयाग कंपनी के निदेशक अभीक बागची के न्यू अलीपुर स्थित घर पर पहुंचीं और तलाशी अभियान शुरू किया। इसके अलावा जोका में कंपनी के कार्यालय पर भी छापा मारा गया। इस समूह से जुड़े कुछ अन्य ठिकानों पर भी जांच की जा रही है।

### कोलकाता में श्री राम स्वाभिमान परिषद के अधिवेशन में लिया गया हिंदू राष्ट्र की स्थापना का संकल्प

**कोलकाता :** श्री राम स्वाभिमान परिषद के तत्वावधान में कोलकाता में प्रथम हिंदुराष्ट्र अधिवेशन का आयोजन किया गया। इसमें 25 से अधिक हिंदू संगठनों ने भाग लिया। सोमवार देर शाम इस अधिवेशन में हिंदू राष्ट्र की स्थापना का संकल्प लिया गया। परिषद के संस्थापक सूरज कुमार सिंह ने इस अवसर पर समाज में हिंदुत्व के लिए कार्य करने वाले संगठनों और धर्मवीरों को धर्मवीर पुरस्कार से सम्मानित किया। इस वर्ष धर्मवीर पुरस्कार 2024 से हावड़ा की प्रसिद्ध रामनवमी शोभायात्रा आयोजित करने वाली अंजनी पुत्र सेना, हिंदुत्ववादी नेता बीरबहादुर सिंह, प्रमोद दुबे, जॉय ऑफ शेयरिंग फाउंडेशन, और यूनिटी डिस्क्राइब स्ट्रेंथ को सम्मानित किया गया। इस अधिवेशन में लगभग 200 से अधिक सनातन प्रेमियों की उपस्थिति रही। इसमें यह निर्णय लिया गया कि पश्चिम बंगाल में एक संयुक्त हिंदू फोरम की स्थापना की जाएगी। इस फोरम से सैकड़ों हिंदू संगठन जुड़ेंगे और एकजुट होकर कार्य करेंगे। हिंदू जनजागृति समिति के नेतृत्व में हावड़ा में एक और अधिवेशन का आयोजन किया गया, जिसमें मंदिरों और पुजारियों को जोड़ने की दिशा में पहल की गई। इसका उद्देश्य मंदिरों को आपस में जोड़कर उन्हें एकजुट करना है।

### अररिया-जोकीहाट में हो रहे पैक्स चुनाव का मतदान केंद्रों पर जाकर डीएम और एसपी ने लिया जायजा



**अररिया :** अररिया और जोकीहाट प्रखंड में प्रथम चरण के तहत मंगलवार को हो रहे पैक्स चुनाव का डीएम अनिल कुमार और एसपी अमित रंजन ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान कार्यों का जायजा लिया।मौके पर डीएम और एसपी ने मतदान कर्मियों और पुलिस अधिकारियों को निष्पक्ष मतदान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। अररिया प्रखंड के नौ पंचायतों के 34 मतदान केंद्रों पर 13 पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट,तीन सेक्टर मजिस्ट्रेट को पुलिस अधिकारियों और बलों के साथ लगाया गया है।इसके अलावे उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है।अररिया में दस पंचायतों में चुनाव होना था,लेकिन बटुरबाड़ी पंचायत में निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष शाहीन परवीन निर्विरोध निर्वाचित हुई है।अररिया प्रखंड में 20 हजार 670 मतदाता 34 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जोकीहाट प्रखंड में छह पंचायतों में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए मतदान हो रहा है।12 हजार 447 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर पैक्स अध्यक्ष और सदस्य का चुनाव करेंगे।जोकीहाट के चकई में 3 हजार 336,भगवानपुर में 1 हजार 608,सिमरिया में 3 हजार 757,महलगांव में 1 हजार 349,चैनपुर मसूरिया में 1 हजार 347 और गिरदा पंचायत के पैक्स में 1 हजार 20 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर पैक्स अध्यक्ष उर सदस्य को चुनेंगे। निरीक्षण के क्रम में डीएम अनिल कुमार और एसपी ने शांतिपूर्ण मतदान होने का दावा किया।उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण और निर्भीक एवं निष्पक्ष मतदान को लेकर मुकम्मल व्यवस्था की गई है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पेट्रोलिंग टीम का गठन किया गया है।जिसके द्वारा सुबह से ही सभी मतदान केंद्रों पर अपनी नजर बनाए हुए है।शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए प्रखंड कार्यालय में नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है।डीएम और एसपी ने पैक्स के मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में निर्भीक और निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील की।

### आयुष्मान योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को अलग से मिलेगा पांच लाख का कवर

**लखनऊ :** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत वर्तमान परिवारों के 70 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के समस्त वरिष्ठ नागरिकों को पृथक से पांच लाख रुपये तक का टॉप अप कवर प्रदान किया जाएगा। यह टापअप उनके परिवार के अन्य सदस्यों को मिलने वाली पांच लाख रुपये तक की धनराशि के अतिरिक्त होगा। इसलिए 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्ग जल्द से जल्द अपने आयुष्मान कार्ड बनवा लें। स्टेट एजेंसी फार काम्प्रेहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) की सीईओ संगीता सिंह ने बताया कि अब तक प्रदेश में सवा दो लाख से अधिक बुजुर्गों ने अपने आयुष्मान कार्ड बनवा लिए हैं। पहले दस शीर्ष जनपदों में वाराणसी 19407 की संख्या के साथ पहले स्थान पर है। लखनऊ (8842) दूसरे, बरेली (8830) तीसरे, सहारनपुर (8827) चौथे, आगरा (7353) पांचवें, मेरठ (7165) छठे, मथुरा (5685) सातवें, गोरखपुर (5496) आठवें, बुलंदशहर (5132) नौवें और बिजनौर (4550) दसवें स्थान पर है। उन्होंने बताया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों, चाहे उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, को इस योजना का लाभ मिलेगा। ऐसे परिवार जो वर्तमान में योजना से आच्छादित नहीं हैं, उनके 70 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के बुजुर्गों को पांच लाख रुपए प्रति परिवार प्रति वर्ष का कवर फ्लोटर आधार पर अनुमन्य होगा। सीईओ ने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित अन्य स्वास्थ्य बीमा योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान एवं अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को वर्तमान योजना में बने रहने अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के अन्तर्गत सम्मिलित होने का विकल्प चयनित करने के लिए एक ही बार अवसर प्रदान किया जाएगा। 70 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक, जिन्होंने निजी स्वास्थ्य बीमा का लाभ ले रखा है अथवा ईएसआईसी के लाभार्थी हैं, उन्हें भी इस योजना का लाभ अनुमन्य होगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत प्रदेश मे 5800 सरकारी व प्राइवेट अस्पताल सूचीबद्ध हैं। सूबे में पांच करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं।

## टांगर गांव में दिनदहाड़े चार घरों में चोरी, हजारों की संपत्ति गायब

**चान्हो।** टांगर गांव में सोमवार को दिनदहाड़े चार घरों में चोरों ने ताले तोड़कर हजारों की संपत्ति और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की इस घटना से ग्रामीणों में दहशत है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोरों ने खेदू उरांव के घर से 50 हजार नकद, मोबाइल और चांदी की पायल चोरी की। परमेश्वरी उराइन के घर से छह हजार नकद, बर्तन, चांदी की पायल और सोने का नेकलेस, जबकि चंपा उरांव के घर से 15 हजार नकद और 15 हजार के जेवरात ले गए। वहीं, चंद्र उरांव के घर से 15 हजार नकद चोरी होने की सूचना है।

ग्रामीणों का कहना है कि धनकटनी का समय होने के कारण लोग दिन में घरों में ताला लगाकर खेतों में काम करने चले जाते हैं। चोरों ने इसी मौके का फायदा उठाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

घटना की सूचना चान्हो थाना को दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

## डीवीसी मैथन में अखिल घाटी कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

**धनबाद :** डीवीसी मैथन परियोजना के कर्मचारी संघ मैदान में तीन दिवसीय दूसरी अखिल घाटी कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ. उद्घाटन मुख्य अतिथि एमपीएल के एचआर हेड सुप्रतीक मुखर्जी ने केंद्रीय स्पोर्ट्स काउंसिल का ध्वज फहराकर व दीप प्रज्वलित कर किया. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कार्यस्थल पर इस तरह की खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन से खिलाड़ियों में अनुशासन की भावना पनपती है. खुद को तंदुरुस्त रखने के लिए भी यह जरूरी है. सभी प्रतिभागी हार-जीत को ध्यान में नहीं रख खेल का आनंद लें. सेंट्रल स्पोर्ट्स काउंसिल के उपाध्यक्ष वरिष्ठ महाप्रबंधक संजीव श्रीवास्तव ने सभी खिलाड़ियों और पदाधिकारियों का स्वागत किया. कहा कि वार्षिक कैलेंडर के अनुसार विभिन्न परियोजनाओं में खेल प्रतियोगिता का आयोजन होते रहता है. प्रतियोगिता में मैथन, पंचेत, बीटीपीएस, सीटीपीएस, डीएसटीपीएस व डीटीपीएस की टीमें भाग ले रही हैं.

मुख्य अतिथि व संस्थान के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया. इस अवसर पर महाप्रबंधक शैलेश गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद, डॉ यू कुमार, उप महाप्रबंधक (प्रशासन) अनूप पुरकायस्थ, डॉ संघमित्रा नंदी, वरिष्ठ प्रबंधक बीसी कुजूर, दीपनारायण पटेल, लोमश कुमार, संजय चौधरी, प्रबंधक पार्थसारथी मुखर्जी, उज्जवल बनर्जी, तापस राय सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे.

## क्षेत्र का विकास व रोजी-रोटी की व्यवस्था मेरी प्राथमिकता : बबलू महतो

धनबाद : सिंदरी के नवनिर्वाचित विधायक बबलू महतो ने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ-साथ रोजीझरोजगार की व्यवस्था उनकी प्राथमिकता है. इसके लिए सभी सहयोगी दलों को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे. लाल व हरा (भाकपा माले-झामुमो) की मैत्री को और मजबूत करेंगे. वह सोमवार को पाथुरिया पंचायत के लाहरडीह गांव में पूर्व मुखिया मोबिन अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि गोविंदपुर के गांवों में जल संकट है. इसका समाधान किया जाएगा. उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया. झामुमो नेता मोबिन अंसारी ने उन्हें पंचायत की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया. इस अवसर पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, अताउल्लाह अंसारी, फटिक मंडल, लुकमान अंसारी, जाकिर अंसारी, सफीक आलम, संजय तुरी, हाजी मजीद, हाजी साजिद, बेलाल अंसारी, मुबारक अंसारी, नसीम अंसारी, मोफिजुद्दीन अंसारी, जहांगीर अंसारी, युनुस अंसारी, हाजी इनायत, फिरोज, उमेश रवानी, दिल मोहम्मद, मोइन अंसारी, कौसर अंसारी, गुलेल अंसारी, अख्तर अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे.

## कालूबथान में भीषण डाका, नकद व लाखों के जेवरात ले गए अपराधी

**धनबाद :** कालूबथान ओपी क्षेत्र के खोखरा पहाड़ी गांव निवासी उत्तम गोराई के घर में रविवार देर रात भीषण डकैती हुई. अपराधियों ने परिवार के लोगों को हथियार का भय दिखाकर 1 लाख 93 हजार रुपए नकद समेत करीब 5 लाख रुपये के जेवरात लूटकर चलते बने. पुलिस मामले छानबीन में जुट गई है. गृहस्वामी उत्तम गोराई ने बताया कि रात करीब 1:30 बजे छत के दरवाजे के रास्ते अपराधी घर में घुस आए और हथियार का भय दिखाकर मुझे कब्जे में ले लिया लिया और मारपीट भी की. फिर, घर के सभी सदस्यों को एक कमरे में बंद कर दिया. करीब एक घंटा तक अपराधियों ने लूटपाट की. उनलोगों ने दो मोबाइल छीनकर क्षतिग्रस्त कर दिया. अपराधियों के जाने के बाद कालूबथान ओपी पुलिस को घटना की सूचना दी गई. सोमवार तड़के करीब 3:00 बजे पुलिस पहुंची और घटना की जानकारी ली. ओपी प्रभारी नितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच चल रही है. बहुत जल्द अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे.

## ग्रामीणों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे : शत्रुघ्न

**धनबाद :** बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के अंतर्गत केंदुआडीह बस्ती के समीप डेको पैच में रविवार को महिलाओं ने ब्लास्टिंग का कार्य रोक दिया और जमकर हंगामा किया था. इस विवाद को सुलझाने के लिए बाघमारा के नवनिर्वाचित विधायक शत्रुघ्न महतो सोमवार को बस्ती पहुंचे और ग्रामीणों से बात की. महिलाओं ने महतो को प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों के साथ किये जा रहे कथित अत्याचार व सीआईएसएफ द्वारा किये गये लाठीचार्ज के बारे में विस्तार से बताया. शत्रुघ्न महतो ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि आपलोगों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे. विधायक के हस्तक्षेप पर बीसीसीएल बरोरा एरिया के महाप्रबंधक पीयूष किशोर पीओ काजल सरकार के साथ मंडल केंदुआडीह बस्ती पहुंचे और ग्रामीणों की मौजूदगी में शत्रुघ्न महतो के साथ वार्ता की. महतो ने जीएम से दो-टूक कहा कि ग्रामीणों के साथ अन्याय किसी कीमत पर नहीं होने देंगे. उन्होंने ग्रामीणों का अविलंब सुरक्षित स्थान पर समुचित व्यवस्था के साथ पुनर्वास कराने की मांग की.

इस पर प्रबंधन का कहना है कि ग्रामीण जिस जमीन पर बसे हुए हैं वो गैरआवाद है. दो दिन के अंदर ग्रामीणों का मूल कागजात धनबाद डीसी के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा. जिला प्रशासन से जो भी आदेश मिलेगा उसका अक्षरशः पालन किया जायेगा. फिलहाल अगले आदेश तक ब्लास्टिंग रोक दी गई है. विवादित जमीन का मामला सुलझने के बाद ही उत्खनन कार्य शुरू किया जायेगा. मौके पर बरोरा मुखिया प्रतिनिधि दयानंद साव, आजाद कुम्हार, भाजपा नेता बाबू गोप, डोली चौहान, दूधनाथ गोप, एचएन गांधी, पवन कुमार, मधु दास, बलराम दास, पवन कुमार, विजय यादव, जयप्रकाश यादव, संजय दास, बसु भुईयां, वीरू चौहान आदि मौजूद थे.

## पटना-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन 6 जनवरी तक धनबाद होकर चलेगी

**धनबाद :** रेलवे ने गया स्टेशन पर निर्माण व मेंटेनेंस वर्क को लेकर इस रूट पर 45 दिनों का मेगा ब्लॉक लिया है. इसके चलते गया से खुलने या गुजरने वाली ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है. पटना-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन आगामी 6 जनवरी तक धनबाद होकर चलेगी. कई अन्य ट्रेनों का रूट भी बदला गया है. ट्रेन संख्या 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन 25 नवंबर से छह जनवरी 2025 तक झाझा-प्रधानखंता-धनबाद के रास्ते होकर चलेगी. इसी प्रकार ट्रेन संख्या 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन 27 नवंबर से एक जनवरी 2025 तक धनबाद- प्रधानखंता-झाझा होकर चलेगी.

# मंत्रीमंडल में ये भी हो सकते हैं - एक

### झारखण्ड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में 28 को हेमन्त सोरेन लेंगे शपथ

### पश्चिम सिंहभूम से दीपकं बिरूवा एवं निरल पुर्ती का नाम जोरों पर

### सुखराम उरांव भी हैं रेस में

**ज्योति पाठक**



झारखण्ड के नये मुख्यमंत्री के रूप में हेमन्त सोरेन 28 नवम्बर को मोरहाबादी मैदान में मुख्यमंत्री पद का शपथ ग्रहण करेंगे। श्री सोरेन के साथ झारखण्ड के काबीना मंत्री भी उक्त दिन शपथ ग्रहण करेंगे। हालांकि विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री सहित मंत्रीमंडल में कुल बारह लोग शामिल होंगे जिसमें झामुमो के छः, कांग्रेस के चार, राजद व अन्य को मंत्रीमंडल में शामिल किया जा सकता है। कोल्हान में इससे पूर्व चाईबासा जिला से श्रीमती जोबा माझी, सरायकेला से चम्पाई सोरेन तथा पूर्वी सिंहभूम से बन्ना गुप्ता शामिल रहे हैं। वर्तमान समय में श्रीमती जोबा माझी के सांसद बन जाने के पश्चात उनके स्थान पर चाईबासा के विधायक दीपक बिरूवा को मंत्रीमंडल में शामिल किया गया। बाद में पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के भाजपा में शामिल हो जाने के पश्चात इस जिला से मंत्री पद रिक्त रहें और जमशेदपुर से बन्ना गुप्ता का मंत्री पद बरकरार रहा तथा उन्हें स्वास्थ्य के साथ-साथ खाद्ध आपूर्ति विभाग भी आवंटित हुआ। वर्तमान समय में विधानसभा चुनाव 2024 में चाईबासा के विधायक दीपक बिरूवा निरंतर चैथी बार विधायक चुने गये और इनका जीत का अंतर इतना है कि उनकी लोकप्रियता और उन्हें मिले मत यह बताने के लिए काफी है कि उन्होंने एतिहासिक जीत अर्जित की है। श्री बिरूवा को 107430 मत प्राप्त हुए। वहीं भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी गीता बालमुचू को महज 42559 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार से 64871 श्री बिरूवा एतिहासिक जीत के साथ पुनः विधायक बनें। यह उनकी लोकप्रियता और जनाधार का प्रत्यक्ष प्रमाण है। ऐसे जनप्रतिनिधी लोगों के बीच जनप्रिय होते हैं।

## लोको मंदिर में आज भव्य रूप से हुआ रूद्राभिषेक





**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** स्थानीय लोको कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में आज सोमवार के दिन भव्य रूप से रूद्राभिषेक मंदिर के पूजारी नित्यानन्द पाण्डे के द्वारा कराया गया। इस अवसर पर मंदिर की सजावट और श्रृंगार देखते ही बनीं। सोमवार को इस मंदिर प्रांगण में हमेशा विशेष पूजा का आयोजन किया जाता है और विशेष रूप से रूद्राभिषेक के अवसर पर मंदिर पूजारी नित्यानन्द पाण्डे के द्वारा रूद्राभिषेक किया जाता है। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तजन उपस्थित होते हैं तथ पूजाअर्चना करते हैं। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए श्री पाण्डे ने बताया कि लोको स्थित इस प्राचीन मंदिर में रूद्राभिषेक के साथ-साथ भगवान भोलेनाथ की विशेष श्रृंगार की जाती है और भव्य रूप से पूजा अर्चना भी किया जाता है और इस क्रम में काफी संख्या में भक्तजन श्रद्धालु और लोग भी उपस्थित रहते हैं।

पढ़ने की है दृढ़ इच्छा, सर पर है बस्ता
और पैर तराश रहा है स्कूल जाने का रास्ता

## हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में चार विधानसभा में तीन पर एनडीए का कब्जा एक पर झामुमो जीता

**हजारीबाग से कंचन गुप्ता**

झारखण्ड विधानसभा 2024 में एक ओर जहां इंडिया गठबंधन में जोरदार सफलता हासिल कर पुरे राज्य में जीत का परचम लहराया है वहीं हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल के संसदीय क्षेत्र में पाँच विधानसभा क्षेत्रों में से इन पर राजग ने कब्जा जमाया। मनीष जायसवाल हजारीबाग के विधायक रहते हुए एतिहासिक मतों से चुनाव जीतकर हजारीबाग के सांसद बनें। वहीं इस संसदीय क्षेत्र के हजारीबाग, माण्डु, बरही और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में इनपर राजग का कब्जा रहा। वहीं बरकट्ठा से झामुमो के जानकी प्रसाद यादव चुनाव जीतने में सफल रहें। हजारीबाग से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद चुनाव जीतकर मनीष जायसवाल की सीट को बरकरार रखने में सफल रहें। वहीं बरही विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने इस बार उमाशंकर अकेला को प्रत्याशी नहीं बनाया जिसके फलस्वरूप भाजपा के मनोज यादव इस बार चुनाव जीतने में सफल रहें। इसके अलावे माण्डु विधानसभा क्षेत्र से भाजपा से चुनाव जीतने वाले जय प्रकाश पटेल कांग्रेस में शामिल होकर लोकसभा चुनाव लड़ा और पराजित भी हुए वहीं इस बार के विधानसभा चुनाव में उन्हें आजसू के निर्मल महतो ने मामुली अंतर से ही चुनाव जीतकर इन्हें पराजित किया। वहीं बरकट्ठा के विधायक अमित महतो को इस बार जानकी प्रसाद यादव चुनाव जीतने में सफल रहें। वहीं बड़कागांव से भी विधायक अम्बा प्रसाद को भाजपा के रोशन लाल चैधरी ने पराजित कर यहां से भी जीत अर्जित की।

## पलामू में ट्रेलर ने ट्रक में मारी जोरदार टक्कर, हादसे में चालक की मौत

पलामूः जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सेमरबार रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने एनएच 139 मुख्य मार्ग पर सोमवार की रात एक खड़े ट्रक में ट्रेलर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में ट्रेलर ड्राइवर की दर्दनाक मौत हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रेलर के परखच्चे उड़ गए और ड्राइवर बुरी तरह से केबिन में फंस गया था. घंटों मशक्कत के बाद ड्राइवर के शव को जेसीबी से बाहर निकाला गया.

जानकारी के अनुसार एनएच 139 मुख्य मार्ग पर पहले से एक ट्रक सड़क के किनारे खड़ा था. इसी बीच औरंगाबाद की ओर से गढ़वा की ओर जा रहा ट्रेलर अनियंत्रित हो गया और खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. घटना की जानकारी मिलने के बाद हरिहरगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी के जरिए केबिन में फंसे चालक के शव को निकाला गया. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया गया.

इस संबंध में घटनास्थल पर मौजूद हरिहरगंज पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी. हादसे में ट्रेलर चालक की मौत हो गई है. मृतक ट्रेलर चालक की पहचान उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के रियोटिपुर निवासी कन्हैया सिंह यादव के 21 वर्षीय पुत्र राम बहादुर सिंह यादव के रूप में हुई है. जेसीबी और क्रेन की मदद से केबिन में फंसे चालक के शव को निकाला गया. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. हादसे के बाद सड़क पर आवागमन अवरुद्ध हो गया था. सड़क से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और ट्रेलर को हटाकर आवागमन शुरू कराया गया है.

## लिव इन में रहे रहे प्रेमी को दूसरी लड़की से हुआ प्यार, प्रेमिका की कर दी हत्या

**खूंटीः** जिले की जरियागढ़ पुलिस ने रविवार को जोजोदाग गांव स्थित भगवान पांजी टोंगरी के घने जंगल से युवती का कंकाल बरामद किया. घटनास्थल से युवती की तस्वीर बरामद हुई, जिससे प्रेम प्रसंग में हत्या होने का खुलासा हुआ. पुलिस ने हत्याकांड को अंजाम देने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया है. फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.

दरअसल, रविवार को ग्रामीणों के द्वारा जरियागढ़ पुलिस को सूचना मिली कि जोजोदाग गांव स्थित भगवान पांज डोंगरी के पास एक आदमी की खोपड़ी, काले रंग के बैग में कपड़ा, आधार कार्ड की फोटो कॉपी और एक युवती का फोटो देखा गया. सूचना पर जरियागढ़ पुलिस घटनास्थल पहुंची और बरामद सारी चीजें जांच के लिए खूंटी भेजी. युवती की फोटो से उसकी पहचान हुई. वो लापुंग थाना क्षेत्र के मलगो पतराटोली गांव की रहने वाली थी. उसका नाम गांगी कुमारी है.

इसके बाद तोरपा डीएसपी खीस्टोफर केरकेट्टा, इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी राजू कुमार व सशस्त्र पुलिस बल ने इसकी सूचना युवती के परिजनों को दी. युवती के परिजनों के द्वारा जोजोदाग के युवक नरेश भेंगरा, पिता मोहर भेंगरा पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई. जरियागढ़ पुलिस के द्वारा आरोपी युवक को



गिरफ्तार कर लिया गया.

प्रारंभिक जांच में आरोपी ने पुलिस को बताया कि गांगी कुमारी के साथ वह लिव इन में रहता था और वह उसे लेकर तमिलनाडु गया हुआ था. वहां कई दिनों तक साथ में रहने के बाद वह सीधे रांची लौटा और घूमने फिरने के बाद युवती को लेकर जरियागढ़ स्थित जंगल ले गया, जहां युवती की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया. आरोपी प्रेमी ने पुलिस को यह भी बताया कि सिमडेगा की एक युवती से उसका अफेयर चल रहा था और गांगी कुमारी उसके लिए रोड़ा बनी हुई थी, जिसके कारण उसकी हत्या कर दी.

मामले की जांच कर रहे इंस्पेक्टर अशोक सिंह ने कहा कि घटनास्थल से बरामद युवती के दस्तावेजों से हत्याकांड का खुलासा हुआ. उन्होंने बताया कि जिस स्थल से युवती का कंकाल बरामद किया गया, वहां से गांव की दूरी अधिक है, जिसके कारण किसी को भनक नहीं लगी. क्षेत्र में लगातार दुर्गंध से ग्रामीण परेशान थे, रविवार को ग्रामीणों को जब ज्यादा दुर्गंध आने लगा तो जंगल की तरफ गए तो देखा कि एक शव सड़ी गली अवस्था में पड़ा है. जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी.

### आभार यात्रा में हर जगह नवनिर्वाचित विधायक का जोरदार स्वागत

## मांडर के विकास के लिये हमेशा समर्पित रहूंगी : शिल्पी नेहा तिर्की





**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची।** मांडर की नवनिर्वाचित विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वह हमेशा मांडर के विकास के लिए समर्पित रहेंगी। उन्होंने कहा कि मांडर में विकास की अपार संभावनाएं हैं और उनका लक्ष्य इसे झारखंड का रोल मॉडल बनाना है।

आज आयोजित आभार यात्रा के दौरान मांडर और चान्हो प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि मांडर के सभी प्रखंडों झ मांडर, चान्हो, ईटकी, बेड़ो, और लापुंग झ के लोगों की खुशहाली उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

आभार यात्रा की शुरूआत ब्राम्बे में स्वर्गीय सावन उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद उन्होंने मुड़मा में माँ सरना से आशीर्वाद लिया और पैदल यात्रा करते हुए मांडर चौक पहुंचीं, जहां ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। यात्रा बीजूपाड़ा, चान्हो, सोंस, बलसोकरा, और पंडरी होते हुए सिलागाई पहुंचकर समाप्त हुई। सिलागाई में वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्होंने क्षेत्र के विकास का संकल्प लिया।

यात्रा में कांग्रेस पार्टी के कई पदाधिकारी, पंचायत अध्यक्ष और कार्यकर्ता शामिल रहे। विधायक ने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि उनकी जीत जनता की जीत है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को प्राथमिकता देते हुए मांडर को विकसित करने का वादा किया।